उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

UPSSSC
हिन्दी परिज्ञान
एवं
लेखन योग्यता

अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स

प्रधान सम्पादक

आनन्द महाजन

लेखन एवं संकलन

सूर्य प्रकाश तिवारी

कम्प्यूटर ग्राफिक्स

बालकृष्ण त्रिपाठी, चरन सिंह

संपादकीय कार्यालय

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

9415650134

Email : yctap12@gmail.com

website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com

©All Right Reserved with Publisher

प्रकाशन घोषणा

सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने E:Book by APP YCT BOOKS, से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

सूची

- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) 2023 की परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नों का अध्यायवार संकलन .....i-xxxii
- ध्वनि एवं हिन्दी वर्णमाला व वर्णक्रम.....7-17
- विराम चिह्न.....18-21
- वर्तनी शुद्ध.....22-26
- संज्ञा.....27-30
- सर्वनाम.....31-34
- विशेषण.....35-38
- क्रिया.....39-42
- अव्यय.....43-48
- लिंग, वचन, काल, वाच्य.....49-60
- कारक एवं परसर्ग.....61-64
- तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशज.....65-75
- शब्द भण्डार शब्दार्थ.....76-79
- उपसर्ग प्रत्यय.....80-86
- विलोम शब्द.....87-95
- पर्यायवाची शब्द.....95-107
- अनेकार्थी शब्द.....108-109
- युग्म शब्द.....109-111
- अनेक शब्दों के लिये एक शब्द.....112-119
- संधि.....120-130
- समास.....131-139
- वाक्य रचना.....140-161
- रस.....162-164
- छन्द.....164-165
- अलंकार.....165-167
- मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ.....168-181
- पत्र लेखन.....182-189
- अपठित गद्यांश एवं पद्यांश प्रश्नोत्तर.....190-228
- हिन्दी भाषा व बोली.....229-234
- रचना एवं रचनाकार तथा साहित्य विधाएँ.....235-244
- अनुवाद.....245-252
- विविध.....253-256

UPSSSC पूर्व परीक्षा प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट
(UPSSSC Previous Exam Papers Analysis Chart)

परीक्षा	परीक्षा तिथि/पाली	कुल प्रश्न
प्रारंभिक अर्हता, परीक्षा (PET)-2023	29-10-2023/Shift-I & II	30
प्रारंभिक अर्हता, परीक्षा (PET)-2023	28-10-2023/Shift-I & II	30
कनिष्ठ सहायक (मुख्य) परीक्षा, 2022	27-08-2023	30
सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक(सामान्य चयन) पुनर्परीक्षा, 2018	26-06-2023/Shift-I & II	100
सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक(सामान्य चयन) पुनर्परीक्षा, 2018	27-06-2023/Shift-I & II	100
सम्मिलित तकनीकी सेवा परीक्षा 2016	26-03-2023	25
प्रारंभिक अर्हता, परीक्षा (PET)-2022	16-10-2022/Shift-I/II	30
प्रारंभिक अर्हता, परीक्षा (PET)-2022	15-10-2022/Shift-I/II	30
वन रक्षक परीक्षा-2022	21-8-2022	80
राजस्व लेखपाल (मुख्य परीक्षा)-2022	31.07.2022	25
सम्मिलित प्रवर/अवर वर्ग सहायक, पूर्ति निरीक्षक मुख्य परीक्षा,-2022	17.07 2022	30
लघु सिंचाई विभाग, असिस्टेंट बोरिंग टेक्नीशियन भर्ती परीक्षा,-2022	30.07.2022	15
सहायक सांख्यिकी अधिकारी (ASO) भर्ती परीक्षा,-2022	22.05.2022	30
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद् भर्ती परीक्षा, -2022	22.05.2022	30
जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा-2019,	16.04.2022	25
UPSSSC JE परीक्षा, 2016	19.12.2021	25
UPSSSC Lower मुख्य परीक्षा, 2019	21.10.2021/Shift-I	25
UPSSSC Lower मुख्य परीक्षा, 2019	21.10.2021/Shift-II	15
UPSSSC PET परीक्षा, 2021	24.08.2021/Shift-I	15
UPSSSC PET परीक्षा, 2021	24.08.2021/Shift-II	20
UPSSSC कम्प्यूटर ऑपरेटर परीक्षा, 2020	10.01.2020/Shift-II	60
UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2020	04.01.2020/Shift-I	60
UPSSSC कनिष्ठ सहायक परीक्षा, 2020	04.01.2020/Shift-I	40
लोवर परीक्षा, 2019	01.10.2019/Shift-I	25

लोवर परीक्षा, 2019	01.10.2019/Shift-II	25
लोवर परीक्षा, 2019	30.09.2019/Shift-I	25
लोवर परीक्षा, 2019	30.09.2019/Shift-II	25
गन्ना पर्वेक्षक, 2016	31.08.2019	25
लोवर-II पुनर्परीक्षा, 2017	28.07.2019	25
लोवर-II निरस्त परीक्षा, 2017	15.07.2018	25
जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती पुनर्परीक्षा, 2016	31.05.2019	40
राज्य मण्डी परिषद् भर्ती परीक्षा, 2018	30-05-2019/Shift-I	50
राज्य मण्डी परिषद् भर्ती परीक्षा, 2018	30-05-2019/Shift-II	50
स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक) भर्ती परीक्षा, 2017	10-03-2019	40
जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक बैकलॉग भर्ती परीक्षा, 2017	19-02-2019	40
कृषि प्राविधिक भर्ती परीक्षा, 2018	15-02-2019	50
नलकूप चालक (ट्यूबवेल ऑपरेटर) परीक्षा, 2018	12-01-2019	25
सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक(सामान्य चयन) परीक्षा, 2018 (निरस्त)	23-12-2018/Shift-II	50
सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2018 (निरस्त)	23-12-2018/Shift-I	50
सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2018 (निरस्त)	22-12-2018/Shift-II	50
सम्मिलित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी और समाज कल्याण पर्यवेक्षक (सामान्य चयन) परीक्षा, 2018 (निरस्त)	22-12-2018/Shift-I	50
विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा, 2018	02-12-2018/Shift-II	80
विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा, 2018	02-12-2018/Shift-I	80
सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी (सामान्य चयन) भर्ती परीक्षा, 2018	16-09-2018/Shift-I	50
सम्मिलित व्यायाम प्रशिक्षक एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी (सामान्य चयन) भर्ती परीक्षा, 2018	16-09-2018/Shift-II	50
ग्राम पंचायत अधिकारी (VDO) पुनर्परीक्षा, 2016	04-12-2016	40
आबकारी सिपाही भर्ती परीक्षा, 2016	25-09-2016	30

जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा, 2016	31-07-2016	40
अमीन परीक्षा, 2016	14-08-2016	25
राजस्व निरीक्षक, 2016	17-07-2016	25
गन्ना पर्यवेक्षक, 2016	03-07-2016	25
लोअर-III भर्ती परीक्षा, 2016	26-06-2016	25
ग्राम विकास अधिकारी (VDO) भर्ती परीक्षा, 2016	05-06-2016	30
जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2016	24-04-2016	40
स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक) भर्ती परीक्षा, 2016	03-04-2016	40
लोअर-II भर्ती परीक्षा, 2016	06-03-2016	25
लोअर-I भर्ती परीक्षा, 2016	28-02-2016	25
ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती परीक्षा, 2015	21-02-2016	40
कम्बाइंड मेडिकल सर्विसेस (फाइलेरिया, मलेरिया इंस्पेक्टर) कम्पटेटिव परीक्षा, 2015	24-01-2016	15
जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा, 2015	27-12-2015	40
वन रक्षक (Forest Guard) भर्ती परीक्षा, 2015	11-12-2015	80
UDA/LDA भर्ती परीक्षा, 2015	29-11-2015	60
असिस्टेंट एकाउन्टेन्ट भर्ती परीक्षा, 2015	22-11-2015	40
चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015	08-11-2015/Shift-I	40
चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015	08-11-2015/Shift-II	40
राजस्व लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015	13-09-2015/Shift-I	25
राजस्व लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015	13-09-2015/Shift-II	25
परिचालक (Conductor) भर्ती परीक्षा, 2015	23.08.2015	50
UPSSSC स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा, 2015	26.07.2015	40
जूनियर असिस्टेंट/कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा, 2015	31.05.2015	40
		2705

नोट– उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में से **हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता** से सम्बन्धित **2593 + 112** (दोहराव वाले प्रश्नों) **2705** प्रश्नों का अध्यायवार संकलन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण





Highlights

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) 2023 की परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नों का अध्यायवार संकलन

ध्वनि एवं हिन्दी वर्णमाला व वर्णक्रम

1. निम्नलिखित में अन्तःस्थ व्यंजन कौन से हैं?

(a) य र ल व (b) क्ष त्र ज्ञ विसर्ग (:)
(c) इ च छ ऋ (d) श ष स ह

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिए हुए प्रश्न में अन्तःस्थ व्यंजन विकल्प (a) में है। अतः अन्तःस्थ व्यंजन- य, र, ल, व हैं ।

2. किस व्यंजन के उच्चारण में जिह्वा तालु से नहीं टकराती है?

(a) ज (b) श (c) च (d) घ

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिए हुए प्रश्न में पूछे गए प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (d) होगा।
अतः 'घ' व्यंजन के उच्चारण में जिह्वा तालु से नहीं टकराती है।
'घ' व्यंजन के वर्ण का उच्चारण स्थान 'कंठ्य' होगा।

3. निम्नलिखित में से किस विकल्प में अनुनासिक का प्रयोग है?

(a) शंकर, हिंदी (b) अतः, प्रातः (c) अं, अः (d) चाँद, साँस

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : जिन वर्णों का उच्चारण मुख और नासिका दोनों से किया जाता है वे अनुनासिक कहलाते हैं। अनुनासिक वर्णों के ऊपर चंद्रबिंदु लगाकर लिखा जाता है।
जैसे – चाँद, साँस, आँध, ऊँट आदि।

4. ओष्ठ्य वर्ण किस विकल्प में हैं?

(a) क, ख, ग, घ (b) अ, इ, ऋ, विसर्ग (:)
(c) प, फ, ब, भ (d) त, थ, द, ध

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : जिन वर्णों का उच्चारण ओष्ठ अथवा होठों की मदद से किया जाता है, ओष्ठ्य वर्ण कहलाते हैं। जैसे – प, फ, ब, भ, म, उ, ऊ

5. संयुक्ताक्षर व्यंजन निम्न में से कौन से हैं?

(a) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र (b) थ, फ, ब, भ
(c) श, ष, स, ह (d) य, र, ल, व

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिये गये व्यंजनों में से 'क्ष,त्र,ज्ञ,श्र' संयुक्ताक्षर व्यंजन हैं। संयुक्त व्यंजन दो या दो से अधिक व्यंजनों के मेल से बनते हैं।
जैसे - क्ष = क् + ष, त्र = त् + र, ज्ञ = ज् +ञ, श्र = श् + र

6. भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है?

(a) शब्द (b) वर्ण (c) पदबंध (d) पद

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : भाषा की सबसे छोटी इकाई वर्ण है।
→ पदबंध से छोटी इकाई पद (शब्द) है।
→ उपवाक्य से छोटी इकाई पदबंध है।
→ भाषा की सार्थक इकाई वाक्य है।

7. निम्न में से कौन सा समूह सही नहीं है?

(a) ओष्ठ्य – प, म, ब, भ (b) कंठ्य – क, ख, ग, घ
(c) मूर्द्धन्य – च, छ, ज, झ (d) वर्त्स्य – न, ल, र, स

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिये गये व्यंजन समूह 'मूर्द्धन्य - च,छ,ज,झ' सही नहीं है। व्यंजन समूह 'च,छ,ज,झ' तालव्य वर्ग में आता है। अन्य विकल्प सही हैं।

8. कंठ से उत्पन्न होने वाले वर्ण हैं–

(a) ड, ढ (b) ग, घ (c) ऋ, र (d) च, छ

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : वर्णों का उच्चारण स्थान- कण्ठ :– क,ख,ग,घ,ड़,ह
तालव्य :– च,छ,ज,झ,ञ,य,श; मूर्द्धन्य :– ट,ठ,ड,ढ,ण,ऋ,र,ष

9. निम्नलिखित में से कौन-से मूर्धन्य व्यंजन हैं?

(a) प, फ (b) ड, ढ (c) ग, घ (d) ज, झ

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (b) : दिये गये विकल्पों में मूर्धन्य व्यंजन 'ड, ढ' हैं। मूर्धन्य व्यंजन ऐसे व्यंजन होते हैं जो जिह्वा द्वारा वर्त्स्य कटक और कठोर तालु के बीच उच्चारित होते हैं। इनमें 'ट', 'ठ', 'ड', 'ढ़', 'ड़', 'ढ़', 'ष', 'ण' मूर्धन्य व्यंजन हैं।

10. नीचे दी गई तालिका में अशुद्ध मेल कौन-सा है?

	वर्ण	प्राणतत्व की मात्रा के आधार पर	श्वास कम्पन के आधार पर	उच्चारण स्थान के आधार पर
(a)	ड	सघोष	अल्पप्राण	मूर्द्धा
(b)	क	अघोष	अल्पप्राण	कण्ठ
(c)	ध	सघोष	महाप्राण	ओष्ठ
(d)	छ	अघोष	महाप्राण	तालु

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (c) : प्रश्न तालिका में विकल्प (c) अशुद्ध मेल है, ज्ञातव्य है कि 'ध' वर्ण का उच्चारण का स्थान ओष्ठ न हो कर दन्त्य है। अतः विकल्प (c) अशुद्ध मेल है।

11. जब स्वरों के उच्चारण में ध्वनि मुख के साथ-साथ नासिका द्वार से भी निकलती है, उस अनुनासिकता को प्रकट करने के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग किया जाता है?

(a) अनुस्वार-बिंदु (b) रेफ (c) नुक़्ता (d) चंद्रबिंदु

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (d) : जब स्वरों के उच्चारण में ध्वनि मुख के साथ-साथ नासिका द्वार से भी निकलती है, उस अनुनासिकता को प्रकट करने के लिए निम्नलिखित में से चंद्रबिंदु का प्रयोग किया जाता है। इसका चिह्न (ँ) है।

विराम चिह्न

12. कोष्ठक में दिए गए विराम चिह्न (;) का नाम क्या है?

(a) उद्धरण चिह्न (b) अल्पविराम
(c) निर्देशक चिह्न (d) अर्द्धविराम

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिए गए प्रश्न में चिह्न (;) का नाम 'अर्द्धविराम' है। शेष विकल्पों के चिह्न निम्नवत् हैं-
उद्धरण चिह्न – ' ' या " "
अल्पविराम – ,
निर्देशक चिह्न – :-

13. किसी के द्वारा कहे गए कथन को मूल रूप से लिखने के लिए कौन सा विराम चिह्न प्रयुक्त होगा?
(a) कोष्ठक चिह्न (b) निर्देशक चिह्न
(c) उद्धरण चिह्न (d) लाघव चिह्न
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : किसी के द्वारा कहे गए कथन को मूल रूप से लिखने के लिए दो उद्धरण चिह्न प्रचलित हैं- इकहरा (' ') और दुहरा (" ")।
1. पुस्तक, समाचार-पत्र, लेखक का उपनाम, लेख का शीर्षक इत्यादि उद्धृत करते समय इकहरे उद्धरणचिह्न का प्रयोग होता है, जैसे-'प्रदीप' एक हिन्दी दैनिक पत्र है।
2. महत्वपूर्ण कथन, कहावत, सन्धि आदि को उद्धृत करने में दुहरे उद्धरणचिह्न का प्रयोग होता है।
जैसे- भारतेन्दु ने कहा था- "देश को राष्ट्रीय साहित्य चाहिए।"

14. हंसपद विराम चिह्न कौन सा है?
(a) < (b) ! (c) > (d) ^
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिये गये विराम चिह्नों में से '^' हंसपद विराम चिह्नों है। जब किसी वाक्य में लिखते समय कोई शब्द छूट जाता है तो वाक्य में सुधार करने के लिए इस हंसपद (^) का प्रयोग किया जाता है।
जैसे- मुझे आज कानपुर ^ जाना है, अर्थात् मुझे आज कानपुर जाना है।
अन्य विराम चिह्नों निम्न प्रकार हैं-
विस्मयादिबोधक चिह्न (!), से छोटा (<) , से बड़ा (>)
अल्पविराम (,), उद्धरण चिह्न(" "), प्रश्नवाचक चिह्न (?)

15. अर्द्धविराम – चिह्न कहाँ लगता है?
(a) उद्धरण चिह्न के पहले
(b) जहाँ अल्पविराम की अपेक्षा थोड़ा कम रुकना हो।
(c) जहाँ कोई निर्देश देना हो।
(d) जहाँ अल्पविराम की अपेक्षा थोड़ा अधिक रुकना हो।
UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (d) : अर्द्धविराम को ';' से प्रदर्शित किया जाता है। अर्द्ध विराम का अर्थ है, बीच में हल्का सा विराम लेना हो पर वाक्य को खत्म न किया जाये तो, वहाँ पर अर्द्धविराम (;) चिह्न का प्रयोग किया जाता है। प्रश्नानुसार अर्द्धविराम चिह्न का प्रयोग जहाँ अल्पविराम की अपेक्षा थोड़ा अधिक रुकना हो वहाँ किया जाता है।

वर्तनी/वाक्य शुद्धि

16. 'प्रदुमन' शब्द की शुद्ध वर्तनी है-
(a) प्रद्युम्न (b) प्रद्यूमन (c) प्रदुम्न (d) प्रदूमन
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिए हुए प्रश्न में 'प्रदुमन' शब्द की सही वर्तनी 'प्रद्युम्न' होगी।

17. निम्न में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?
(a) बालक छत में खेल रहे है।
(b) श्वेता मेरे पास दौड़ती हुई आई।
(c) एक किताब कहानी की दे दीजिए।
(d) आप क्या किताब पढेंगे?
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : दिए हुए प्रश्न में शुद्ध वाक्य विकल्प (b) में है। अतः शुद्ध वाक्य वाला विकल्प है–श्वेता मेरे पास दौड़ती हुई आई।

18. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) प्रयाप्त (b) याज्ञवल्क्य (c) परिक्षण (d) मतन्तर
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : दिए हुए प्रश्न में शुद्ध वर्तनी वाला विकल्प (b) है। शेष विकल्पों का शुद्ध रूप निम्नवत् है।
→ पर्याप्त, → परीक्षण, → मन्वन्तर

19. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) अनुग्रहित (b) कनिष्ट (c) उन्नती (d) ज्योत्स्ना
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : दिये गये विकल्पों में 'ज्योत्स्ना' शब्द वर्तनी की दृष्टि से सही शब्द है। विकल्पों में दिये गये अन्य शब्दों की सही वर्तनी है– अनुगृहीत, कनिष्ठ, उन्नति।

20. निम्नलिखित दोनों वाक्यों की सम्पूर्ण शुद्धता के विषय में कौन-सा विकल्प सही है?
1. हमको हमारे पूज्यनीय महानुभावों का सदा सम्मान करना चाहिए।
2. उसे मृत्युदंड की सजा दी जानी चाहिए थी।
(a) द्वितीय वाक्य पूर्णतः शुद्ध है और प्रथम वाक्य अशुद्ध है।
(b) दोनों ही वाक्य अशुद्ध हैं।
(c) प्रथम वाक्य पूर्णतः शुद्ध है और द्वितीय वाक्य अशुद्ध है।
(d) दोनों ही वाक्य पूर्णतः शुद्ध हैं।
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : दिये गये दोनों वाक्य अशुद्ध है।दोनों वाक्यों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं–
1. हमको अपने पूजनीय महानुभावों का सदा सम्मान करना चाहिए।
2. उसे मृत्युदण्ड दिया जाना चाहिए था।

21. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) प्रतिग्या (b) उत्कर्ष (c) महात्मय (d) सहश्त्र
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : दिये गये शब्दों में 'उत्कर्ष' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य शब्दों की सही वर्तनी निम्न प्रकार होगी–प्रतिज्ञा, माहात्म्य तथा सहस्त्र।

22. 'शीर्षक को चयन करते समय अनुच्छेद में निहित भावों और विचारों की परख कर लेनी चाहिए।' वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए।
(a) शीर्षक को चयन (b) परख कर लेनी चाहिए।
(c) भावों और विचारों की (d) करते समय अनुच्छेद में निहित
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिये गये वाक्य 'शीर्षक को चयन करते समय अनुच्छेद में निहित भावों और विचारों की परख कर लेनी चाहिए' के भाग- 'शीर्षक को चयन' में त्रुटि है। यहाँ 'शीर्षक को चयन' के स्थान पर 'शीर्षक का चयन' उपयुक्त होगा, अतः शुद्ध वाक्य होगा- शीर्षक का चयन करते समय अनुच्छेद में निहित भावों और विचारों की परख कर लेनी चाहिए।

23. निम्न में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?
(a) इतना तेज क्यों चल रहे हो?
(b) कितना सुंदर चित्र है यह!
(c) हमने बहुत आम खाए।
(d) ये पत्र किसने लिखे हैं?
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : दिये गये वाक्यों में 'कितना सुन्दर चित्र है यह' अशुद्ध वाक्य है। इसका शुद्ध रूप होगा– यह कितना सुंदर चित्र है। अन्य वाक्य शुद्ध हैं।

24. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए:

(a) वन में प्रातःकाल के समय बहुत ही मनोहर दृश्य होता है।
(b) वन में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता है।
(c) वन में प्रातःकाल के समय बहुत ही सुहाना दृश्य होता है।
(d) वन में प्रातःकाल के समय दृश्य क्या खूबसूरत होता है।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : दिए गए वाक्यों में 'वन में प्रातः काल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता है' शुद्ध वाक्य है। अन्य सभी वाक्य अशुद्ध हैं,क्योंकि प्रातःकाल में समय शामिल है । अतः इसके साथ समय लगाने की आवश्यकता नहीं है।

25. निम्नलिखित में से कौन सी वर्तनी शुद्ध है?

(a) आशीर्वाद (b) आशिवाद (c) आर्शीवाद(d) आर्शीर्वाद

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : दिए गए विकल्पों में से 'आशीर्वाद' शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य सभी विकल्प अशुद्ध हैं।

26. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन सा है?

(a) उसे अनुत्तीर्ण होने की आशा है।
(b) कृपया आज का अवकाश देने की कृपा करें।
(c) भारत में अनेक जातियाँ हैं।
(d) काटकर फल बच्चे को खिलाओ।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : दिए गए वाक्यों में 'भारत में अनेक जातियाँ हैं' शुद्ध वाक्य है। अन्य वाक्य निम्न प्रकार शुद्ध होंगे।

→ उसे अनुत्तीर्ण होने की आशंका है।
→ आज का अवकाश देने की कृपा करें।
→ फल काटकर बच्चे को खिलाओ।

27. निम्न में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) भारत के इतिहास में पंद्रह अगस्त का बहुत महत्व है।
(b) रात उसका प्राण-पखेरू उड़ गया।
(c) आज भी लाल बहादुर शास्त्री जी को याद किया जाता है।
(d) क्या आप मेरे साथ चलेंगे?

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

Ans. (b) : दिये गये विकल्पों में अशुद्ध वाक्य है- 'रात उसका प्राण-पखेरू उड़ गया' इसका कुछ शुद्ध रूप होगा- 'रात उसके प्राण-पखेरू उड़ गये। जबकि अन्य सभी विकल्प शुद्ध हैं।

28. निम्न में से किस शब्द की वर्तनी सही है?

(a) अगामी (b) परिणति (c) प्रतिकुल (d) परिक्षण

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (b) : दिये गये विकल्पों में 'परिणति' शब्द की वर्तनी सही है। अन्य विकल्पों में दिये गये शब्द अगामी, प्रतिकुल तथा परिक्षण वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं, जिसका शुद्ध रूप क्रमशः आगामी, प्रतिकूल तथा परीक्षण होगा।

29. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से सही है?

(a) अंकूरित (b) आर्थीक (c) आभूषण (d) आदर्णीय

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (c) : दिये गये विकल्पों में 'आभूषण' शब्द वर्तनी की दृष्टि से सही है। जबकि अंकूरित, आर्थीक तथा आदर्णीय वर्तनी की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण हैं, जिनका सही रूप क्रमशः अंकुरित, आर्थिक तथा आदरणीय होगा।

30. 'सत्यवान की पत्नी सावित्री एक पत्नीव्रता नारी थीं।' वाक्य के किस भाग में अशुद्धि है?

(a) सत्यवान की (b) पत्नी सावित्री
(c) एक पत्नीव्रता (d) नारी थी।

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (c) : 'सत्यवान की पत्नी सावित्री एक पत्नीव्रता नारी थीं।' वाक्य के 'एक पत्नीव्रता' भाग में त्रुटि है। यहाँ पतिव्रता' शब्द का प्रयोग उचित होगा। अतः पूर्ण वाक्य इस प्रकार होगा-
'सत्यवान की पत्नी सावित्री एक पतिव्रता नारी थीं।'

संज्ञा

31. निम्नलिखित में से भाववाचक संज्ञा का उदाहरण कौन सा है?

(a) सूक्ष्मता (b) बच्चा (c) चोर (d) स्वस्थ

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (a) : दिये गये विकल्पों में 'सूक्ष्मता' भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है। 'सूक्ष्मता' भाववाचक संज्ञा सूक्ष्म विशेषण से बनी है। वे शब्द जिनसे व्यक्ति या वस्तु के गुण, धर्म, दशा अथवा व्यापार का बोध होता है, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- बुढ़ापा, मिठास, मधुरता आदि।

सर्वनाम

32. निम्नलिखित में से किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है?

(a) महादेवी छायावादी कवयित्रि है।
(b) जब भी आप आओ, मुझे मिलें।
(c) आपका दर्शन पाकर मै धन्य हो गया।
(d) रमा ने अपने भाई से पुस्तक पढ़ने को कहा।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

Ans. (d) : दिये गये विकल्पों में 'रमा ने अपने भाई से पुस्तक पढ़ने को कहा।' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्पगत वाक्यों का शुद्ध रूप होगा-

अशुद्ध वाक्य- महादेवी छायावादी कवयित्रि है।
शुद्ध वाक्य- महादेवी छायावादी कवयित्री हैं।
अशुद्ध वाक्य- जब भी आप आओ, मुझे मिलें।
शुद्ध वाक्य- आप जब आयें, तो मुझसे मिलें।
अशुद्ध वाक्य- आपका दर्शन पाकर मै धन्य हो गया।
शुद्ध वाक्य- आपके दर्शन पाकर मैं धन्य हो गया।

33. 'दीवार के ऊपर कौन बैठा है?' वाक्य में सर्वनाम का कौन-सा प्रकार है?

(a) निश्चयवाचक सर्वनाम (b) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(c) निजवाचक सर्वनाम (d) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (b) : 'दीवार के ऊपर कौन बैठा है?' वाक्य में प्रश्नवाचक सर्वनाम है।

सर्वनाम वह विकारी शब्द है, जो संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होता है। हिन्दी भाषा में कुल 11 प्रकार के सर्वनामों की चर्चा की गई है। मैं, तुम, आप, यह, वह, जो, सो, कोई, कुछ, कौन, क्या।

सर्वनाम के कुल 6 भेद हैं

(i) पुरुषवाचक सर्वनाम
(ii) निजवाचक सर्वनाम
(iii) निश्चयवाचक सर्वनाम
(iv) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(v) संबंधवाचक सर्वनाम
(vi) प्रश्नवाचक सर्वनाम

विशेषण

34. ''बीना जल्दी चली आ।'' में विधेय विस्तारण है-

(a) आ (b) चली (c) जल्दी (d) बीना

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (c) : ''बीना जल्दी चली आ।'' में विधेय विस्तारण 'जल्दी' है।

35. रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए।
एक ऐसा पत्र लिखो जिसमें विद्यालय की सभी समस्याओं का उल्लेख हो।

(a) क्रिया-विशेषण उपवाक्य (b) संज्ञा उपवाक्य
(c) प्रधान उपवाक्य (d) विशेषण उपवाक्य

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (d) : 'एक ऐसा पत्र लिखो जिसमें विद्यालय की सभी समस्याओं का उल्लेख हो' में रेखांकित उपवाक्य का भेद विशेषण उपवाक्य है। ध्यातव्य है कि जो उपवाक्य किसी क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रिया-विशेषण उपवाक्य कहते हैं।

36. रेखांकित पदबंध का प्रकार बताइए।
उस जैसा जिंदादिल इन्सान मिलना कठिन है।

(a) क्रिया-विशेषण पदबंध (b) विशेषण पदबंध
(c) संज्ञा पदबंध (d) सर्वनाम पदबंध

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (b) : जो पदबंध संज्ञा या सर्वनाम के विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं उन्हें विशेषण पदबंध कहा जाता है। विशेषण पदबंध में एक पदबंध शीर्ष पद पर स्थित होता है तथा शेष पद प्रविशेषण बनकर प्रयुक्त होते हैं। प्रश्न में रेखांकित पदबंध विशेषण पदबंध है।

क्रिया

37. यह किस क्रिया के उदाहरण हैं?

1. 'सुरेश ने फल खरीदे।'
2. 'राम ने रावण को मारा।'

(a) अकर्मक क्रिया (b) नकारात्मक क्रिया
(c) पूर्वकालिक क्रिया (d) सकर्मक क्रिया

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिए हुए प्रश्न में दोनों वाक्य 'सकर्मक क्रिया' के उदाहरण हैं।
सकर्मक क्रिया – वाक्य में जिस क्रिया के प्रयोग में कर्म की प्रधानता होती है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।
उदाहरण- (i) सुरेश ने फल खरीदे।
(ii) राम ने रावण को मारा।

38. निम्नलिखित में नामधातु क्रिया का प्रयोग किस विकल्प में है?

(a) माँ नौकरानी से बर्तन धुलवाती है।
(b) उसने मेरी सारी संपत्ति हथिया ली।
(c) मोर नाच रहा है।
(d) मैं कपड़े धो कर खेलने गया।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : 'उसने मेरी सारी सम्पत्ति हथिया ली।' इस वाक्य में नाम धातु क्रिया का प्रयोग किया गया है।
'संज्ञा या विशेषण से बनने वाली धातु क्रिया को नामधातु क्रिया कहते हैं।
जैसे – हाथ – हथियाना, लात – लतियाना, गरम – गरमाना

39. निम्न में से किस विकल्प में सकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?

(a) सिपाही तेज दौड़ता है।
(b) सिपाही युद्ध में लड़ता है।
(c) सिपाही चोर को पकड़ता है।
(d) सिपाही बहुत कम सोता है।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिये गये वाक्य 'सिपाही चोर को पकड़ता है' में सकर्मक क्रिया है, सकर्मक क्रिया उसे कहते हैं, जिसका कर्म हो या जिसके साथ कर्म की संभावना हो, अर्थात् जिस क्रिया के व्यापार का संचालन तो कर्ता से हो,पर जिसका फल या प्रभाव किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु अर्थात् कर्म पर पड़े । जैसे– श्याम आम खाता है इस वाक्य में 'श्याम' कर्ता है, खाने के साथ उसका कर्तृरूप से सम्बन्ध है।

40. 'पंडित जी हवन करा कर कथा कह रहे हैं' में 'करा कर' में कौन सी क्रिया है?

(a) संयुक्त क्रिया (b) नामधातु क्रिया
(c) मुख्य क्रिया (d) पूर्वकालिक क्रिया

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिये गये वाक्य 'पंडित जी हवन करा कर कथा कह रहे हैं' में ' करा कर' में पूर्वकालिक क्रिया है।
पूर्वकालिक क्रिया - जब कर्ता एक क्रिया समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया में प्रवृत्त होता है, तब पहली क्रिया 'पूर्वकालिक' कहलाती हैं।
जैसे- उसने नहाकर भोजन किया । इसमें 'नहाकर' पूर्वकालिक क्रिया है, क्योंकि इससे 'नहाने की क्रिया' की समाप्ति के साथ ही भोजन करने की क्रिया का बोध होता है।

41. नामधातु क्रिया का प्रयोग किस वाक्य में है?

(a) वह खाना खाकर सो गया।
(b) उसने मेरी पूरी संपत्ति हथिया ली।
(c) सुरेश ने एक महल बनवाया।
(d) मैंने नौकर से पूरे घर की सफाई करवाई।

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (b) : क्रिया का वह रूप जिसमें क्रिया का निर्माण संज्ञा सर्वनाम अथवा विशेषण में प्रत्यय जोड़ने से होता हो उसे 'नामधातु क्रिया' कहते हैं। अतः 'उसने मेरी पूरी संपत्ति हथिया ली' वाक्य में नाम धातु क्रिया का प्रयोग हुआ।

42. जिस क्रिया से सूचित होने वाला व्यापार कर्त्ता करे और उसका फल कर्त्ता पर ही पड़े उसे _____ क्रिया कहते हैं।

(a) व्युत्पन्न (b) अकर्मक (c) सम्मिश्र (d) सकर्मक

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (b) : जिस क्रिया से सूचित होने वाला व्यापार कर्त्ता करे और उसका फल कर्त्ता पर ही पड़े उसे 'अकर्मक' क्रिया कहते हैं।

43. ''आज हमारी बारी है।'' में 'आज' कौन-सा पद हैं?

(a) क्रिया-विशेषण (b) संज्ञा (c) क्रिया (d) सर्वनाम

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (a) : ''आज हमारी बारी है।'' में 'आज' क्रिया-विशेषण पद है। वे शब्द जो हमें क्रिया की विशेषता के बारे में बताते हैं, वे शब्द क्रिया विशेषण कहलाते हैं। वाक्य ''आज हमारी बारी है'' में आज कालवाचक क्रिया विशेषण है।

लिंग, वचन, काल, वाच्य

44. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द पुल्लिंग है?

(a) जोगी (b) नर्मदा (c) अमावस्या (d) वक्त्री

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिए गए विकल्पों में विकल्प (a) का शब्द पुल्लिंग है। शेष विकल्प में लिखित शब्द 'स्त्रीलिंग' हैं।
स्त्रीलिंग शब्द – अमावस्या, नर्मदा, वक्री।

45. 'नाला' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द निम्नलिखित में से क्या है?
(a) नालिया (b) नालिए (c) नाली (d) नालि
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिए हुए प्रश्न में शब्द 'नाला' का स्त्रीलिंग 'नाली' होगा।
स्त्रीलिंग - जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है, उसे स्त्रीलिंग कहते है।
स्त्रीलिंग की पहचान – जिन शब्दों के अन्त में आवट, आहट, ता, आई, इया, नी, इमा, री, आस आदि आए।

46. 'इस समय श्याम आता होगा' इस वाक्य में क्रिया का काल कौन सा है?
(a) सामान्य वर्तमान (b) संभाव्य वर्तमान
(c) संदिग्ध वर्तमान (d) तात्कालिक वर्तमान
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिए गए प्रश्न के वाक्य में 'संदिग्ध वर्तमान काल' होगा।
संदिग्ध वर्तमान काल- जिन वाक्यों के अन्त में ता होगा, ती होगी, ते होंगे आदि आते हैं, वहाँ संदिग्ध वर्तमान काल होता है।
उदाहरण – इस समय श्याम आता होगा।

47. 'अपूर्ण भूतकाल' का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?
(a) ज्ञानू रो रहा था। (b) ज्ञानू एक घण्टे से सो रहा है।
(c) ज्ञानू रोया। (d) ज्ञानू सो गया था।
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : 'ज्ञानू रो रहा था।' इस वाक्य में अपूर्ण भूतकाल का प्रयोग हुआ है।
'ऐसी भूतकालिक क्रियाएँ जिसके समाप्ति का पता नहीं चल पा रहा हो, अपूर्ण भूतकालिक क्रियाएँ कहलाती हैं।'
जैसे – राधिका नाच रही थी। बच्चा सो रहा था।

48. इनमें से एकवचन-बहुवचन का कौन-सा युग्म सही नहीं है?
(a) आँसू-आँसुओं (b) चिड़िया-चिड़ियाँ
(c) घोड़ा-घोड़े (d) गली-गलियाँ
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : दिये गये विकल्पों में 'आँसू-आँसुओं' एकवचन-बहुवचन की दृष्टि से सही युग्म नहीं है, क्योंकि 'आँसू' शब्द का प्रयोग हमेशा बहुवचन में होता है, एकवचन में नहीं। अन्य शब्द-युग्म सही हैं।

49. 'मन-गढ़न्त, शिष्टता और घबराहट' इन शब्दों के लिंग बताइए।
(a) पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और स्त्रीलिंग
(b) स्त्रीलिंग, स्त्रीलिंग और पुल्लिंग
(c) स्त्रीलिंग, स्त्रीलिंग और स्त्रीलिंग
(d) पुल्लिंग व स्त्रीलिंग दोनों, स्त्रीलिंग और स्त्रीलिंग
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : मन-गढ़न्त, शिष्टता और घबराहट तीनों शब्द क्रमशः पुल्लिंग व स्त्रीलिंग दोनों, स्त्रीलिंग और स्त्रीलिंग है। अन्य विकल्प सही नहीं हैं।

50. निम्नलिखित में से 'समिति' शब्द का बहुवचन क्या होगा?
(a) समितियाँ (b) समीतीयां
(c) समीतियाँ (d) समितियों
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : दिए गए विकल्पों में 'समिति' शब्द का बहुवचन 'समितियाँ' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

51. 'संभव है कि कल हम सिनेमा देखने जायेंगे।' वाक्य किस काल में व्यक्त हुआ है?
(a) संभाव्य भविष्यत् काल (b) सामान्य भविष्यत् काल
(c) हेतुहेतुमद भविष्यत् काल (d) हेतुहेतुमद भूतकाल
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिया गया वाक्य 'संभव है, कि कल हम सिनेमा देखने जायेंगे' संभाव्य भविष्यत् काल का उदाहरण है।
संभाव्य भविष्य : जिससे भविष्य में किसी कार्य के होने की संभावना का बोध होता हो, संभाव्य भविष्य काल है।
जैसे– संभव है, सुरेश कल आये।

52. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द पुल्लिंग हैं?
(a) हीरा, मोती, मणि (b) कौआ, खरगोश, मंडल
(c) हार, पायल, पुखराज (d) नथ, मूंगा, पन्ना
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : दिये गये विकल्पों में 'कौआ, खरगोश, मंडल' पुल्लिंग शब्द हैं। संज्ञा के जिस रूप से व्यक्ति या वस्तु की नर या मादा जाति की बोध होता है उसे व्याकरण में 'लिंग' कहते हैं। हिन्दी में लिंग के दो भेद हैं- पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग।

53. 'ठठेरा' शब्द का स्त्रीलिंग निम्न में से क्या होगा?
(a) ठठेरिन (b) ठठेरी (c) ठठेरिनी (d) ठठारी
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : दिए गए शब्द 'ठठेरा' का स्त्रीलिंग 'ठठेरिन' होगा। शब्द की जाति को लिंग कहते हैं। संज्ञा के जिस रूप से स्त्री जाति का पता चलता है, उसे स्त्रीलिंग कहते हैं।
जैसे :– लड़की, शेरनी, हंसिनी, घोड़ी, कुतिया इत्यादि।

54. 'तिथि' शब्द का बहुवचन है–
(a) तिथीयों (b) तिथियां (c) तिथियाँ (d) तिथियों
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : दिए गए शब्द 'तिथि' का बहुवचन 'तिथियाँ' है। विकारी शब्द के जिस रूप से अधिक पदार्थों अथवा व्यक्तियों का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे :– नदियाँ, घोड़े, बच्चे इत्यादि।

55. 'हम चूड़ियाँ पहन रहे हैं।' वाक्य की क्रिया किस काल की है?
(a) पूर्ण वर्तमान काल (b) अपूर्ण वर्तमान काल
(c) संदिग्ध वर्तमान काल (d) सामान्य वर्तमान काल
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : 'हम चूड़ियाँ पहन रहे हैं।' वाक्य की क्रिया अपूर्ण वर्तमान काल की है।
अपूर्ण वर्तमान काल – क्रिया के जिस रूप से कार्य के लगातार होने का पता चलता है, उसे अपूर्ण वर्तमान काल कहते हैं।
जैसे – वह घर जा रहा है।

56. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द पुल्लिंग है?
(a) विकृति (b) संस्कृति (c) दंपति (d) प्रकृति
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : दिए गए शब्दों में 'दंपति' पुल्लिंग शब्द है।
अन्य सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं।

57. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द पुल्लिंग हैं?
(a) संचार, पालन, ग्रीवा
(b) मनुष्यत्व, बनावट, रौनक
(c) पतलून, झल्लाहट, अक्षुण्णता
(d) प्लेटफार्म, प्राधिकरण, गिरोह
UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

Ans. (d) : दिये गये प्रश्न में प्लेटफार्म, प्राधिकरण, गिरोह शब्द पुल्लिंग हैं। अन्य सभी विकल्प असंगत हैं।

58. अकर्मक धातुओं से बनने वाला और सदैव एकवचन पुल्लिंग और अन्य पुरुष की क्रिया वाला वाच्य कौन-सा संभव है?

(a) भाववाच्य (b) कर्तृवाच्य
(c) कर्मवाच्य और भाववाच्य (d) कर्मवाच्य

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (a) : अकर्मक धातुओं से बनने वाला और सदैव एकवचन पुल्लिंग और अन्य पुरुष की क्रिया वाला वाच्य भाववाच्य है। यदि किसी वाक्य में प्रयुक्त क्रिया के लिंग एवं वचन में होने वाला परिवर्तन कर्ता एवं कर्म दोनों ही के अनुसार नहीं हो, बल्कि भाव के अनुसार हो तो उस वाक्य में प्रयुक्त वाच्य को भाववाच्य कहते हैं।

59. 'यदि नेहा परिश्रम करती तो परीक्षा में अवश्य उत्तीर्ण हो जाती।' क्रिया का काल कौन-सा है?

(a) हेतुहेतुमद् भूतकाल (b) आसन्न भूतकाल
(c) अपूर्ण भूतकाल (d) संदिग्ध भूतकाल

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (a) : 'यदि नेहा परिश्रम करती तो परीक्षा में अवश्य उत्तीर्ण हो जाती' में क्रिया का हेतुहेतुमद् भूतकाल है। ध्यातव्य है कि जिन क्रिया पदों से भूतकाल में कार्य होने का संकेत तो मिलता है, परन्तु किसी कारणवश कार्य हो नहीं पाया, उसे हेतुहेतुमद् भूतकाल कहते हैं। उदाहरण – यदि मैं घर पर होता तो चोरी नहीं होती।

60. किस विकल्प में पुल्लिंग का स्त्रीलिंग शब्द सही नहीं है?

(a) हलवाई-हलवाइन (b) माली - मालिन
(c) कहार - कहारिन (d) स्यार - सिंहनी

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (d) : उपर्युक्त विकल्प में 'स्यार' का स्त्रीलिंग 'सिंहनी' दिया गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। 'स्यार' का स्त्रीलिंग 'स्यारिन' होता है। अन्य विकल्पों में पुल्लिंग- स्त्रीलिंग शब्द सही हैं।

61. निम्न में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?

(a) यामा (b) योजना (c) भिक्षा (d) संबल

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (d) : दिये गये विकल्पों में 'संबल' शब्द स्त्रीलिंग शब्द नहीं है जबकि यामा, योजना तथा भिक्षा स्त्रीलिंग शब्द हैं। अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

62. 'गतियाँ' शब्द में कौन सा वचन है?

(a) एकवचन (b) बहुवचन
(c) द्विवचन (d) इनमें से कोई नहीं

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (b) : 'गतियाँ' शब्द में बहुवचन है इसका एकवचन शब्द 'गति' है, हिन्दी व्याकरण में दो प्रकार के वचनों की बात कही गयी है।

(i) एकवचन (ii) बहुवचन

'जिस शब्द से एक ही पदार्थ का बोध हो, वह एकवचन शब्द कहलाता है,' जैसे-नदी, लड़का, घोड़ा आदि।

'जिस शब्द से एक से अधिक व्यक्तियों या पदार्थों का बोध हो, वह बहुवचन कहलाता है, जैसे- नदियाँ, लड़के, घोड़े आदि।

कारक एवं परसर्ग

63. 'आजकल लेखक उपन्यास लिख रहा है।' रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है?

(a) करण कारक (b) सम्प्रदान कारक
(c) कर्म कारक (d) अपादान कारक

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिए गए प्रश्न में रेखांकित शब्द में कर्मकारक का प्रयोग हुआ है।

कर्म कारक – संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप पर क्रिया का प्रभाव या फल पड़े, उसे कर्म कारक कहते हैं। या दूसरे शब्दों में वाक्य में क्रिया का फल जिस शब्द पर पड़ता है, उसे कर्मकारक कहते हैं। इसकी विभक्ति 'को' है।

64. अधोलिखित में से किस वाक्य में सम्प्रदान कारक का प्रयोग है?

(a) मैंने अपने पिताजी को अस्पताल में भरती करा दिया है।
(b) लेखक आज-कल उपन्यास लिखने में व्यस्त है।
(c) अमेरिका से पाकिस्तान को आर्थिक मदद मिलती रही है।
(d) तुम अपने काम को ठीक तरह से पूरो करो।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिए गए प्रश्न में सम्प्रदान कारक का प्रयोग विकल्प (c) में हुआ है।

अतः सही वाक्य है- अमेरिका से पाकिस्तान को आर्थिक मदद मिल रही है।

सम्प्रदान कारक- कर्ता जिसके लिए कुछ अर्थ करता है, अथवा कुछ देता है, उसे सम्प्रदान कारक कहते हैं।

-सम्प्रदान कारक चतुर्थी विभक्ति के अन्तर्गत आता है तथा इसका चिह्न 'को, के लिए' होता है।

65. अपादान कारक युक्त वाक्य है :

(a) वह कुल्हाड़ी से वृक्ष काटता है।
(b) छत से उतरी हुई लता मुरझा गई है।
(c) शिकारी ने खरगोश को मारा।
(d) माँ ने बच्चों को बुलाया।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : 'छत से उतरी हुई लता मुरझा गई है।' यह वाक्य अपादान कारक युक्त वाक्य है। संज्ञा के जिस रूप से एक वस्तु का दूसरी से अलग होना पाया जाए तो वहाँ अपादान कारक होता है।

- अपादान कारक की विभक्ति 'से' (अलग होना) है।

जैसे – → राम अयोध्या से वन में गये।
→ मोहन ने घड़े से पानी निकाला।

66. 'मेरा घर स्कूल से बहुत दूर है।' रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है?

(a) संप्रदान कारक (b) संबोधन कारक
(c) अपादान कारक (d) अधिकरण कारक

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिये गये वाक्य 'मेरा घर स्कूल से बहुत दूर है, के रेखांकित शब्द में 'अपादान' कारक है। संज्ञा के जिस रूप से किसी वस्तु के अलग होने का भाव प्रकट होता है, उसे अपादान कारक कहते हैं। जिस शब्द में अपादान की विभक्ति लगती है, उससे किसी दूसरी वस्तु के पृथक होने का बोध होता है। इसका विभक्ति चिह्न 'से' है। जैसे– वह घर से बाहर आया।

67. 'मोहिनी ने चिड़ियाघर में पक्षी देखे।' रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है?

(a) कर्ता कारक (b) कर्म कारक
(c) करण कारक (d) संप्रदान कारक

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : दिये गये वाक्य 'मोहिनी ने चिड़ियाघर में पक्षी देखे' के रेखांकित शब्द में 'कर्म कारक' है।

कर्मकारकः- वाक्य में क्रिया का फल जिस शब्द पर पड़ता है, उसे कर्म कहते हैं। इसकी विभक्ति 'को' है। यह चिह्न बहुत से स्थानों पर नहीं लगता। बुलाना, सुलाना, कोसना आदि क्रियाओं के प्रयोग में अगर कर्म संज्ञा हो,तो 'को' विभक्ति जरूर लगती है।

जैसे– सोहन ने साँप को मारा।
लड़की ने पत्र लिखा।
पहले वाक्य में 'मारने' की क्रिया का फल 'साँप' पर पड़ा है। अतः साँप कर्म कारक है, इसके साथ परसर्ग 'को' लगा हैं। दूसरे वाक्य में 'लिखने की क्रिया का फल 'पत्र' पर पड़ा। अतः 'पत्र' कर्म कारक है। इसमें कर्म का विभक्ति चिह्न 'को' नहीं लगा।

68. निम्नलिखित में अपादान कारक का प्रयोग किस विकल्प में नहीं हुआ है?
(a) यमुना नदी हिमालय से निकलती है।
(b) बिल्ली छत से कूदी।
(c) पिताजी कार से गए हैं।
(d) वह चूहे से डरता है।
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : दिए गए वाक्य 'पिताजी कार से गए हैं। में अपादान कारक का प्रयोग नहीं हुआ है। अन्य सभी वाक्यों में अपादान कारक का प्रयोग हुआ है।
अपादान कारक :– संज्ञा के जिस रूप से किसी वस्तु के अलग होने का भाव प्रकट होता है, उसे अपादान कारक कहते है। इसकी विभक्ति 'से' है।
जैसे – लड़का पेड़ से गिरा। वह घर से बाहर आया।

69. 'से' किस कारक का (विभक्ति) चिह्न होता है?
(a) अधिकरण (b) संबोधन (c) अपादान (d) कर्म
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (c) :

कारक	विभक्तियाँ
कर्म	को
अपादान	से
अधिकरण	में, पर
सम्बोधन	हे!, अजी!, अरे !

70. 'के लिए' किस कारक का चिह्न है?
(a) कर्म (b) संप्रदान (c) सम्बन्ध (d) अपादान
UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (b) : 'के लिए' संप्रदान कारक का चिह्न है।

तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशज

71. निम्नलिखित में से कौन सा तत्सम शब्द है?
(a) कंगन (b) कचहरी (c) कुक्कुर (d) कछुआ
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिए गए प्रश्न में विकल्प के अनुसार तत्सम शब्द- 'कुक्कुर' होगा।
शेष शब्दों का तत्सम निम्न होगा।

तद्भव	–	तत्सम
कंगन	–	कंकण
कचहरी	–	कृत्यगृह
कछुआ	–	कच्छप

72. 'चाम' का तत्सम रूप क्या है?
(a) चर्म (b) चमड़ा (c) चरम (d) चार्म
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिए हुए प्रश्न में शब्द 'चाम' का तत्सम रूप 'चर्म' होगा।
तत्सम शब्द– तत्सम शब्द संस्कृत भाषा के दो शब्दों तत्+सम से मिलकर बना है।
जिन शब्दों को संस्कृत से बिना किसी परिवर्तन के हिन्दी में ले लिया जाता है, उसे तत्सम शब्द कहते हैं।

73. निम्नलिखित में से 'बंध्या' शब्द का तद्भव रूप क्या है?
(a) बांध (b) बंझा (c) बाँझ (d) बंध
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिए हुए प्रश्न में शब्द 'बंध्या' का तद्भव रूप 'बाँझ' होगा।
तद्भव रूप- संस्कृत भाषा के वे शब्द जो सीधे न आकर परिवर्तित होकर हिंदी भाषा में आये हैं, तद्भव शब्द कहलाते हैं।

74. 'मृत्तिका' शब्द का तद्भव रूप कौन सा है?
(a) माठी (b) मिटती (c) मुट्ठी (d) मिट्टी
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिए हुए प्रश्न में शब्द 'मृत्तिका' का तद्भव शब्द 'मिट्टी होगा।

75. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?
(a) हिरन (b) बच्चा (c) भालू (d) पाषाण
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : 'पाषाण' तत्सम शब्द है। ऐसे शब्द जो बिना किसी परिवर्तन के संस्कृत से हिन्दी में शामिल कर लिए गए हैं, तत्सम कहलाते हैं।

76. निम्नलिखित में से 'चिक्कण' शब्द का तद्भव शब्द कौन-सा है?
(a) चिकना (b) चक्रवाक (c) चित्रकार (d) चतुर्थ
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : 'चिक्कण' तत्सम शब्द है, जिसका तद्भव शब्द 'चिकना' है। शेष विकल्प असंगत हैं।

77. 'परिवा' शब्द का तत्सम रूप क्या है?
(a) पर्यवाह (b) परवा (c) प्रतिपदा (d) पड़वा
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : 'परिवा' शब्द का तत्सम रूप 'प्रतिपदा' है।
शेष विकल्प असंगत हैं।

78. कौन-सा शब्द तद्भव है?
(a) खर्पर (b) खजूर (c) रुक्ष (d) पल्लव
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : दिए गए विकल्पों में 'खजूर' तद्भव शब्द है। इसका तत्सम शब्द 'खर्जूर' होता है। अन्य शब्द तत्सम हैं। खर्पर, रुक्ष तथा पल्लव शब्दों के तद्भव शब्द क्रमशः खपड़ा, रूखा तथा पल्ला होता है। अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

79. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द कौन सा है?
(a) स्थल (b) होलिका (c) शिक्षा (d) तीरथ
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (d) :

तद्भव	-	तत्सम
थल	-	स्थल
होली	-	होलिका
सीख	-	शिक्षा
तीरथ	-	तीर्थ

80. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है?
(a) तिनका (b) गृहिणी (c) धरती (d) दाहिना
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (b) :

तद्भव	-	तत्सम
तिनका	-	तृण
घरनी	-	गृहिणी
धरती	-	धरित्री
दाहिना	-	दक्षिण

81. निम्नलिखित में से 'तड़ाग' शब्द का तद्भव शब्द कौन सा है?

(a) तृण (b) तीक्ष्ण (c) तालाब (d) तुन्द

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) :

तत्सम	-	तद्भव
तृण	-	तिनका
तीक्ष्ण	-	तीखा
तड़ाग	-	तालाब
तुन्द	-	तोंद

82. किस विकल्प में सभी शब्द तद्भव हैं?

(a) सुत, झरना नयन (b) गात, गणपति, ग्राहक

(c) सहज, संजोग, समंदर (d) छकड़ा, काजल, खेत

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : दिए गए विकल्प में 'छकड़ा, काजल, खेत' सभी तद्भव शब्द हैं। इनका तत्सम शब्द क्रमशः शकट, कज्जल, क्षेत्र होगा।

83. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द कौन सा है?

(a) कृपा (b) झरना (c) मकड़ी (d) कटहल

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) :

तद्भव	तत्सम
किरपा	कृपा
झरना	निर्झर
मकड़ी	मर्कटी
कटहल	कंटफल

84. निम्नलिखित में से 'शलाका' का तद्भव रूप कौन सा है?

(a) सलाई (b) सिलाई (c) सलाका (d) सलयका

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : दिए गए शब्द 'शलाका' का तद्भव रूप 'सलाई' होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

85. निम्नलिखित में से तत्सम और तद्भव का कौन सा युग्म सही नहीं है?

(a) पौत्र - पुत्तर (b) वर्तिका - बत्ती

(c) वणिक - बनिया (d) वधू - बहू

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : दिए गए शब्द-युग्म 'पौत्र-पुत्तर' तत्सम और तद्भव की दृष्टि से सही नहीं हैं। इसका शुद्ध-युग्म 'पौत्र-पोता' होगा।
अन्य शब्द–युग्म सही हैं।

86. निम्नलिखित में किस समूह के सभी शब्द तत्सम हैं?

(a) पर्यंक, सूत, दूध (b) मयूर, महिष, ज्येष्ठ

(c) जिह्वा, रात, बात (d) क्षेत्र, कृषक, ऊँट

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (b) : दिये गये समूह (मयूर, महिष, ज्येष्ठ) के सभी शब्द तत्सम हैं, जिनके तद्भव रूप क्रमशः मोर, भैंस तथा जेठ है। तत्सम शब्द संस्कृत भाषा के शब्द (तत् + सम) से मिलकर बना है, जिसका अर्थ होता है 'ज्यों का त्यों' अर्थात 'संस्कृत के समान'। अतः वे शब्द जिन्हें हम संस्कृत से बिना किसी बदलाव के ज्यों का त्यों उपयोग में लाते हैं, 'तत्सम' शब्द कहलाते हैं तथा संस्कृत के वे शब्द जिनमें थोड़ा बदलाव करके हिन्दी में उपयोग में लाया जाता है 'तद्भव' शब्द कहलाते हैं।

87. निम्न में से तद्भव शब्द है :

(a) किया (b) अग्नि (c) आम्र (d) चंचु

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (a) : दिये गये विकल्पों में 'किया' तद्भव शब्द है, जिसका तत्सम शब्द 'क्रिया' है। शेष विकल्पों में दिये गये शब्द अग्नि, आम्र तथा चंचु तत्सम शब्द हैं, जिनके तद्भव शब्द क्रमशः आग, आम तथा चोंच हैं।

शब्द भण्डार शब्दार्थ

88. विकारी शब्द के प्रकार होते है–

(a) 4 (b) 7 (c) 6 (d) 5

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : शब्दों को जब वाक्यों में प्रयोग किया जाता है तो उन वाक्यों में जब लिंग, कारक और वचन आदि के अनुसार परिवर्तन हो जाता है, तो ऐसे शब्दों को विकारी शब्द कहा जाता है।
जैसे- लड़का पढ़ता है। – लड़की पढ़ती है।
यहाँ 'लड़का' शब्द लिंग, वचन एवं कारक के अनुसार परिवर्तित हो रहा है। अतः यह विकारी शब्दों के अन्तर्गत आएगा।
विकारी शब्द चार प्रकार के होते है-
1. संज्ञा 2. सर्वनाम 3. क्रिया 4. विशेषण

उपसर्ग प्रत्यय

89. 'राखनहार' शब्द में निम्नलिखित में से कौन से प्रकार का प्रत्यय है?

(a) तद्धित प्रत्यय (b) कृदंत प्रत्यय

(c) क्रिया प्रत्यय (d) कर्तृवाचक तद्धित प्रत्यय

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : दिए हुए प्रश्न में शब्द 'राखनहार' में कृदन्त प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।
कृदन्त प्रत्यय- क्रिया या धातु के अन्त में लगते है तथा इनसे बने शब्दों का कृदन्त कहते हैं।

90. निम्नलिखित में 'नि' उपसर्ग का प्रयोग किस शब्द में हुआ है?

(a) निराशा (b) निष्कासन (c) निष्फल (d) निगम

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिए हुए प्रश्न में 'नि' उपसर्ग का प्रयोग निगम शब्द में हुआ है।
उपसर्ग-: वे शब्दांश, जो किसी शब्द के आरंभ में लगकर उनके अर्थ में विशेषता ला देते हैं या उनके अर्थ को बदल देते है, उपसर्ग कहलाते हैं।

91. निम्न में से 'अत्याचार' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?

(a) अत्य (b) चार (c) अति (d) अत्

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : 'अत्याचार' शब्द में 'अति' उपसर्ग है। अति उपसर्ग से बने अन्य शब्द निम्न हैं–
'अति' उपसर्ग– अत्यधिक, शब्द अत्यंत, अत्याचार, अतिशय आदि।
उपसर्ग 'वे शब्दांश जो किसी शब्द के आदि (प्रारंभ) में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।'

92. 'अनुकरणीय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा है?

(a) णीय (b) ईय (c) अनु (d) नीय

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : 'अनुकरणीय' शब्द में 'अनुकरण' मूल शब्द है तथा 'ईय' प्रत्यय है। अनुकरणीय = अनुकरण + ईय
अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

93. 'अध्यक्ष' शब्द में उपसर्ग कौन सा है?

(a) अध (b) आधि (c) अधि (d) अध्

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : 'अध्यक्ष' शब्द में 'अधि' उपसर्ग है। उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है। जैसे– 'राज' शब्द में 'अधि' उपसर्ग लगाने से 'अधिराज' शब्द बना।
'अधि' उपसर्ग से बनने वाले अन्य शब्द– अधिकरण अधिकार, अध्यात्म, अधिपति इत्यादि।

94. 'दयालु' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?
(a) आलु (b) आ (c) या (d) ऊ
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : 'दयालु' शब्द में 'आलु' प्रत्यय और 'दया' मूल शब्द है। शब्दों के बाद जो समूह लगाया जाता है, उसे प्रत्यय कहते है, मूलतः प्रत्यय दो प्रकार के होते है–
(i) कृत् प्रत्यय :– क्रिया या धातु के अंत में प्रयुक्त होने वाले प्रत्ययों को कृत् प्रत्यय कहते हैं और उनके मेल से बने शब्द को 'कृदन्त' कहते है। ये प्रत्यय क्रिया या धातु को नया रूप देते है। इनसे संज्ञा और विशेषण बनते है।
जैसे– 'होना' शब्द में 'हार' प्रत्यय लगाने से 'होनहार' शब्द बना।
(ii) तद्धित प्रत्ययः- संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण के अंत में लगने वाले प्रत्यय को 'तद्धित' कहा जाता है और उनके मेल से बने शब्द को 'तद्धितान्त' कहते हैं।
जैसे– 'मानव' शब्द में 'ता' प्रत्यय लगाने से 'मानवता' शब्द बना।

95. 'समझौता' शब्द में कौन सा प्रत्यय लगा है?
(a) औता (b) झौता (c) आ (d) ता
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : दिए गए शब्द 'समझौता' में 'औता' प्रत्यय है। जो शब्दांश किसी शब्द के बाद लगकर उसके अर्थ को बदल देते हैं और नये अर्थ का बोध कराते हैं, उसे प्रत्यय कहते हैं। हिन्दी में प्रत्यय दो प्रकार के हैं – कृत् प्रत्यय एवं तद्धित प्रत्यय।

96. 'बातजुर्बा' शब्द में कौन सा उपसर्ग है?
(a) बात (b) आ (c) जुर्बा (d) बा
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : 'बातजुर्बा' शब्द में 'बा' उपसर्ग है।
उपसर्ग :– उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करते हैं,
जैसे – 'इज्जत' में 'बा' उपसर्ग लगने से 'बाइज्जत' शब्द बना।
'बा' उपसर्ग से बने अन्य शब्द हैं– बाकायदा, बाअदब, बामौका इत्यादि।

97. शब्दों के आदि में जुड़कर शब्दों के अर्थ में विशेषता लाने वाले शब्दांश क्या कहलाते हैं?
(a) क्रिया-विशेषण (b) प्रत्यय (c) निपात (d) उपसर्ग
UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (d) : शब्दों के आदि में जुड़कर शब्दों के अर्थ में विशेषता लाने वाले शब्दांश 'उपसर्ग' कहलाते हैं। जैसे- अ, अनु, अप, वि आदि हिन्दी के उपसर्ग हैं। उपसर्ग शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है- उप (समीप) + सर्ग (सृष्टि करना)।
उदाहरण, प्र + हार = प्रहार; आ + हार = आहार

98. 'रोजाना' शब्द मे कौन-सा प्रत्यय लगा है?
(a) ना (b) जाना (c) आना (d) अना
UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (c) : 'रोजाना' शब्द में 'आना' प्रत्यय लगा है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशिष्टता ला देते हैं, प्रत्यय कहलाते है।

प्रत्यय	शब्द
जैसे- 'आना'	– लहराना, मर्दाना, जुर्माना आदि।

99. 'प्रतिरूप' में कौन सा उपसर्ग है?
(a) प्रति (b) प्र (c) अति (d) इनमे से कोई नहीं
UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (a) : 'प्रतिरूप' में 'प्रति' उपसर्ग है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के आदि में जुड़कर उसके अर्थ में विशिष्टता ला देते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।

प्रत्यय	शब्द
जैसे- 'प्रति'	- प्रतिरूप, प्रत्येक, प्रत्युत्तर, प्रतिपल आदि।

विलोम शब्द

100. 'दक्षिण' शब्द का विलोम शब्द निम्न में से कौन सा है?
(a) वाम (b) दायाँ (c) पश्चिम (d) पूरब
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिए हुए प्रश्न में 'दक्षिण' शब्द का विलोम 'वाम' होगा। जबकि दायाँ का बायाँ तथा पूरब का विलोम 'पश्चिम' होता है।

101. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म नहीं है?
(a) प्रशंसा - निंदा (b) स्वकीय - परकीय
(c) सज्जन - दुर्जन (d) प्रलय - ध्वंस
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिए हुए प्रश्न में प्रलय-ध्वंस वाला विलोम-युग्म सही नहीं है। इसका सही युग्म प्रलय-सृष्टि होगा। शेष विकल्प में दिए विलोम-युग्म सही हैं।
प्रशंसा – निंदा, स्वकीय – परकीय, सज्जन – दुर्जन

102. 'उन्मीलन' शब्द का विलोम निम्न में से क्या है?
(a) निमीलन (b) अवमीलन
(c) अनुमीलन (d) निर्मीलन
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : 'उन्मीलन' शब्द का विलोम है– 'निमीलन'।
शेष विकल्प असंगत हैं।

103. किस विकल्प में विलोम युग्म सही नहीं है?
(a) वरदान × अभिशाप (b) सधवा × निर्धवा
(c) रुक्ष × स्निग्ध (d) समास × व्यास
UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : दिये गये विकल्पों में 'सधवा-निर्धवा' विलोम युग्म नही है। इस शुद्ध विलोम युग्म 'सधवा - विधवा' होगा।

शब्द	विलोम
वरदान	अभिशाप
सधवा	विधवा
रुक्ष	स्निग्ध
समास	व्यास

104. निम्न में से किस विकल्प में सही विलोम-युग्म नहीं हैं?
(a) आसक्ति ×नास्तिक (b) झुकाव × तनाव
(c) जटिल × सरल (d) मिलन × वियोग
UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिये गये विकल्पों में विकल्प 'आसक्ति × नास्तिक' विलोम युग्म गलत है। इसका सही युग्म 'आस्तिक × नास्तिक होगा।

शब्द		विलोम
झुकाव	-	तनाव
जटिल	-	सरल
मिलन	-	वियोग

105. अधोलिखित में से 'अभिज्ञ' शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?

(a) भिज्ञ (b) प्राज्ञ (c) अनभिग्य (d) अनभिज्ञ

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिये गये शब्द 'अभिज्ञ' का विलोम 'अनभिज्ञ' होगा। अन्य विकल्प असंगत है।

106. निम्नलिखित में से 'मौन और संपन्न' शब्दों के क्रमशः सही विलोम शब्दों का चयन कीजिए:

(a) भाषण, निष्पन्न (b) मूक, विपन्न
(c) मुखर, विपन्न (d) मौखिक, आसन्न

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : दिए गए शब्दों 'मौन और संपन्न' का सही विलोम शब्द 'मुखर और विपन्न' होगा। अन्य विकल्प संगत नहीं हैं।

107. निम्नलिखित में से 'व्यष्टि' शब्द का विलोम शब्द क्या होगा?

(a) वृष्टि (b) समष्टि (c) अक्षि (d) दृष्टि

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : दिये गये विकल्प के अनुसार 'व्यष्टि' का विलोम 'समष्टि' होगा। अन्य विकल्पों के विलोम निम्न हैं–

शब्द	विलोम
वृष्टि	अनावृष्टि
दृष्टि	अदृष्टि

108. निम्नलिखित में से किस विकल्प में विलोम-युग्म सही नहीं है?

(a) औचक-अकसर (b) डाँवाँडोल-अस्थिर
(c) झिड़कना-पुचकारना (d) गाफिल-खबरदार

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

Ans. (b) : दिये गये विकल्पों में विकल्प 'डाँवाँडोल-अस्थिर' विलोम युग्म सही नहीं है। सही विलोम युग्म 'डाँवाँडोल-स्थिर' होगा। अन्य सभी विकल्प संगत हैं।

109. किस युग्म का विलोम रूप शुद्ध नहीं है?

(a) संधि - समास (b) औदार्य - अनौदार्य
(c) श्वास – निःश्वास (d) उत्कर्ष - अपकर्ष

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (a) : सही सुमेलन निम्नलिखित हैः-

शब्द		विलोम शब्द
संधि	–	विग्रह
श्वास	–	निःश्वास
औदार्य	–	अनौदार्य
उत्कर्ष	–	अपकर्ष

110. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म नहीं है?

(a) कुसुमित - कंटकित (b) कीर्ति - उपकीर्ति
(c) घन - तरल (d) विरह - मिलन

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (b) : दिये गये विकल्पों में 'कीर्ति-उपकीर्ति' सही विलोम-युग्म नहीं है। 'कीर्ति' का विलोम 'अपकीर्ति' होता है। अन्य विकल्पों में दिये गये विलोम-युग्म सही हैं।

111. 'अमृत' शब्द का सही विलोम चुनिए।

(a) अमिय (b) सुधा (c) विष (d) सोम

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (c) : दिये गये विकल्पों में 'अमृत' शब्द का सही विलोम 'विष' है। अन्य विकल्पों में दिये गये शब्द (अमिय, सुधा, सोम) अमृत के पर्यायवाची शब्द हैं।

पर्यायवाची शब्द

112. निम्नलिखित में से कौन से विकल्प में सभी शब्द पर्यायवाची है?

(a) कमला, ज्योति, रोशनी (b) मतंग, कुंजर, कपीश्वर
(c) कुटिल, दुर्जन, इंदीवर (d) शशि, शशांक, सुधांशु

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिए हुए प्रश्न में सभी पर्यायवाची वाला विकल्प शशि, शशांक, सुधांशु है। ये सभी चन्द्रमा के पर्यायवाची हैं।

चन्द्रमा के अन्य पर्यायवाची शब्द है – रजनीश, राकापति, राकेश, छपाकर, निशाकर, विधु, मयंक आदि।

113. निम्न में से 'प्रज्ञा और मनीषा' शब्द का पर्यायवाची नहीं है?

(a) विवेक (b) मेधा (c) मति (d) विधाता

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिए हुए प्रश्न में शब्द 'प्रज्ञा और मनीषा' का पर्यायवाची विधाता नहीं शेष शब्द पूछे गये प्रश्न के पर्यायवाची है।

प्रज्ञा तथा मनीषा का पर्याय – बुद्धि, प्रतिभा, ज्ञान, मति, समझ, अक्ल, मति, मेधा, विवेक आदि होगें।

114. इनमें से 'आगार' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन सा नहीं है?

(a) घर (b) घाम (c) भवन (d) आवास

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : दिए गए प्रश्न में शब्द 'आगार' का पर्यायवाची शब्द 'घाम' नही होगा।

शेष 'आगार' के पर्यायवाची हैं।

आगार के अन्य पर्यायवाची – घर, सदन, भवन, धाम, निकेतन, निवास, आयतन, आलय, निलय, मंदिर, आवास।

115. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं?

(a) वृक्ष, द्रुम, विटप (b) हंस, मराल, सारंग
(c) वसंत, रत्नाकर, मधुकर (d) मोती, मुक्ता, मरकट

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : वृक्ष, द्रुम, विटप परस्पर पर्यायवाची शब्द हैं। वृक्ष के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं– पेड़, तरू, पादप, गाद्द, अगम, रूक्ष आदि।

116. निम्न में से कौन-सा शब्द 'सागर' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) अंबुधि (b) निर्झर (c) रत्नाकर (d) वारीश

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : दिये गये विकल्पों में अंबुधि, रत्नाकर, वारीश 'सागर' के पर्यायवाची शब्द हैं जबकि 'निर्झर' शब्द 'झरना' का पर्यायवाची है।

117. निम्न में से 'कौशल' और 'चातुर्य' का पर्यायवाची कौन सा नहीं है?

(a) पटुता (b) प्रवीणता (c) दक्षता (d) सुरसरिता

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिये गये शब्द 'कौशल' और 'चातुर्य' का पर्यायवाची 'सुरसरिता' नहीं है। 'सुरसरिता' गंगा का पर्यायवाची है। जबकि पटुता, प्रवीणता तथा दक्षता, कौशल और चातुर्य के पर्यायवाची शब्द हैं।

118. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं है?

(a) आकांक्षा, इच्छा, अभिलाषा (b) विधु, चन्द्रमा, हिमांशु
(c) वाजि, सैन्धव, नेत्र (d) मरीचि, मयूख, रश्मि

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिये गये विकल्पों में 'वाजि, सैन्धव, नेत्र' शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं है। वाजि और सैंधव, घोड़ा तथा नेत्र 'आँख' का पर्यायवाची शब्द हैं। अन्य विकल्प परस्पर सही हैं।

119. निम्न में से कौन से विकल्प में पर्यायवाची युग्म सही नहीं है?

(a) जलधि – अम्बुद (b) सरोवर – पुष्कर
(c) पुरन्दर – अमरपति (d) फणी – उरग

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : दिए गए विकल्पों में 'जलधि-अम्बुद' पर्यायवाची युग्म सही नहीं हैं, क्योंकि जलधि 'समुद्र' का तथा अम्बुद 'बादल' का पर्यायवाची शब्द है। अन्य पर्यायवाची युग्म सही हैं।

120. 'आडम्बर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है–

(a) ढोंग (b) पाखंड (c) दर्प (d) ढकोसला

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : 'आडम्बर' का पर्यायवाची 'दर्प' नहीं है, 'दर्प' के पर्यायवाची शब्द हैं– अहंकार, अभिमान, घमंड इत्यादि, जबकि ढोंग, पाखंड तथा ढकोसला 'आडम्बर' के पर्यायवाची शब्द हैं।

121. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द पर्यायवाची नहीं हैं?

(a) विशिख, तीर, इषु (b) निशीथ, मध्यरात्र, वासर
(c) कैवल्य, निर्वाण, अपवर्ग (d) अश्म, प्रस्तर, शिला

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

Ans. (b) : निशीथ, मध्यरात्र 'रात' के पर्यायवाची शब्द हैं, जबकि वासर 'दिन' का पर्यायवाची शब्द है।

शब्द	पर्यायवाची
बाण-	तीर, सर, विशिख, आशुग, शिलीमुख, नाराच, इषु
रात्रि-	निशीथ, मध्यरात्र, यामिनी, त्रियामा, विभावरी।
दिवस-	दिन, दिवा, वासर, प्रमान, अह्न।
पत्थर-	अश्म, प्रस्तर, शिला।
मोक्ष-	कैवल्य, निर्वाण, अपवर्ग, मुक्ति, सद्गति।

122. 'कंदर्प', 'पंचशर' और पुष्पधन्वा' यह निम्नलिखित में से किसके पर्यावाची शब्द हैं?

(a) कामदेव (b) गौरीसुत (c) वंशीधर (d) यक्षराज

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

Ans. (a) : दिये गये शब्द 'कंदर्प, पंचशर और पुष्पधन्वा शब्द 'कामदेव' के पर्यायवाची हैं। अन्य विकल्पों के पर्यायवाची निम्न हैं-

शब्द		पर्यायवाची
वंशीधर	-	गिरधर, गोपाल, मुरारी, माखनचोर
गौरीसुत	-	गणपति, लंबोदर, गजमुख, मूषकवाहन
यक्षराज	-	कुबेर, धनद, धनपति

123. निम्न में से किस विकल्प में सभी शब्द 'तरंगिणी' शब्द के पर्यायवाची हैं?

(a) ललना, रमणी, सरिता (b) वनिता, कामिनी, आपगा
(c) सरिता, तटिनी, निम्नगा (d) निर्झरिणी, निमग्ना, विभावरी

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

Ans. (c) : सरिता, तटिनी, निम्नगा, कूलकषा, नदी आदि तरंगिणी के पर्यायवाची शब्द हैं। अन्य विकल्पगत शब्द असंगत हैं।

124. निम्नलिखित में किस विकल्प में सभी शब्द पर्यायवाची हैं?

(a) शार्दूल, अयाल, केहरी, व्याघ्र
(b) सतीश, शंकर, महेश्वर, शिव
(c) अच्युत, गरुड़ध्वज, विनायक, भालचंद्र
(d) चपला, सौदामिनी, चंचला, मेखला

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (b) : दिये गये प्रश्न में विकल्प 'सतीश', 'शंकर', 'महेश्वर', 'शिव' एक दूसरे के पर्यायवाची हैं।

125. 'सूर्य' शब्द का पर्यायवाची बताइए।

(a) शशि (b) पावक (c) नक्षत्र (d) दिनकर

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (d) : दिये गये विकल्पों में 'दिनकर' सूर्य शब्द का पर्यायवाची है। 'सूर्य' शब्द के अन्य पर्यायवाची हैं- मार्तण्ड, पतंग, रवि, अंशुमाली, भास्कर, आदित्य , तरणि, मरीची आदि।

126. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'बिजली' शब्द के सही पर्यायवाची शब्द हैं?

(a) विद्युत, चंचला, दामिनी (b) चंचला, विभावरी, केकी
(c) सहचरी, यामिनी, दामिनी (d) दामिनी, चंचला, किशोरी

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (a) : विद्युत, चंचला तथा दामिनी 'बिजली' शब्द के सही पर्यायवाची शब्द हैं।
बिजली के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- तड़ित, सौदामिनी, क्षणप्रभा, घनवल्ली, कौंधा, क्षणिका, इन्द्रवज्र आदि।

अनेकार्थी शब्द

127. निम्नलिखित में किस विकल्प के सभी शब्द अनेकार्थी हैं?

1. दल, अनी, रिपु **2. कर, श्रद्धा, खग**
3. अनंत, कल, कर **4. दल, गुरु, पतंग**

(a) 1, 2 (b) 1, 4 (c) 3, 4 (d) 2, 3

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिये गये विकल्प (c) के सभी शब्द अनेकार्थी है।
- अनंत (आकाश, अंतहीन), कल (आने वाला कल, मशीन) कर (हाथ, टैक्स, किरण)
- दल (समूह, सेना), गुरु (शिक्षक,श्रेष्ठ, भार) पतंग (सूर्य, टिड्डी, पक्षी)

युग्म शब्द

128. 'प्रसाद-प्रासाद' युग्म का सही अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) कृपा – पूजा की सामग्री (b) महल – महानता
(c) फल – कृपा (d) कृपा - महल

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिए हुए प्रश्न में शब्द-युग्म का सही अर्थ वाला विकल्प 'कृपा - महल' होगा।

129. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?

	शब्द	अर्थ-भेद
(a)	अनिल – अनल	हवा – आग
(b)	अवलंब – अविलम्ब	सहारा – विलम्ब
(c)	आवरण – आभरण	ढँकना – आभूषण
(d)	अपेक्षा – उपेक्षा	इच्छा – लापरवाही

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : दिये गये शब्द-युग्म 'अवलंब-अविलंब' का सही अर्थ भेद 'सहारा-शीघ्र' होगा। अन्य विकल्पों के शब्द-युग्म के अर्थ भेद सही हैं।

130. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'आकार-आगार' का उचित अर्थ है-

(a) आकृति-धाम (b) प्राप्ति-ज्वाला
(c) खजाना-शरीर (d) भंडार-शरीर

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : दिये गये शब्द-युग्म 'आकार-आगार' का उचित अर्थ 'आकृति-धाम' है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

131. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही है?

शब्द-युग्म	अर्थ-भेद
(a) और-ओर	दूसरा-तथा
(b) उर-उरु	हृदय-नदी
(c) इतर-इत्र	भिन्न-इत्यादि
(d) अपरा-अपार	दूसरी-जिसे पार न किया जा सके

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : दिये गये विकल्पों में शब्द-युग्म 'अपरा-अपार' का अर्थ- भेद सही है। अन्य विकल्प सुमेलित नहीं हैं।

132. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'चरम-चर्म' का उचित अर्थ है–

(a) टूटना - शाश्वत (b) श्रेष्ठ - शक्तिहीन
(c) अंतिम सीमा - चमड़ा (d) चमड़ा - अंतिम सत्य

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिये गये विकल्पों में श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'चरम - चर्म' का उचित अर्थ है → 'अंतिम सीमा – चमड़ा'।

श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द :– ऐसे शब्द जो पढ़ने और सुनने में लगभग एक से लगते है, परन्तु अर्थ की दृष्टि से भिन्न होते हैं, श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द कहलाते हैं,

जैसे–	शब्द	-	अर्थ
	(i) अवधि	-	समय
	अवधी	-	भाषा
	(ii) अम्बुज	-	कमल
	अंबुधि	-	सागर

133. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?

शब्द-युग्म	अर्थ-भेद
(a) बली - बलि	बलवान - गाय
(b) नागर - नगर	नगर में रहने वाला - शहर
(c) कुल - कूल	वंश - नदी का किनारा
(d) अनल - अनिल	अग्नि - पवन

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिये गये विकल्पों में 'बली-बलि' शब्द युग्म का अर्थ भेद सही नहीं है। इस शब्द-युग्म का सही अर्थ भेद है-

शब्द-युग्म	अर्थ भेद
बली - बलि	वीर - बलिदान

134. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है।

शब्द-युग्म	अर्थ-भेद
(a) अभिराम – अविराम	स्थिर – लगातार
(b) आदि – आदी	आरम्भ – अभ्यस्त
(c) अचल – अंचल	स्थिर – क्षेत्र
(d) अयश – अयस	बदनामी – लोहा

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : दिए गए शब्द-युग्म 'अभिराम-अविराम = स्थिर-लगातार' का अर्थ- भेद सही नहीं है।

- अभिराम' का अर्थ 'सुन्दर' तथा 'अविराम' का अर्थ 'लगातार' होता हैं।

अन्य विकल्पों के शब्द-युग्म अर्थ-भेद की दृष्टि से सही हैं।

135. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'लक्ष्य' और 'लक्ष' का उचित अर्थ है–

(a) उद्देश्य – लाख (गिनती) (b) देखने योग्य – संपत्ति
(c) तीर – रुपया (d) लाख – उद्देश्य

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'लक्ष्य' और 'लक्ष' का उचित अर्थ है– उद्देश्य और लाख (गिनती)। अन्य विकल्प असंगत हैं।

136. निम्नलिखित में से किस विकल्प में शब्द श्रुतिसम भिन्नार्थक का सही अर्थ-भेद नहीं है?

शब्द युग्म	अर्थ-भेद
(a) श्वपच - स्वपच	चाण्डाल - स्वयं भोजन बनाने वाला
(b) प्रवाल-प्रवार	मूँगा-वस्त्र
(c) हुति-हूति	हवन-बुलावा
(d) थाति-थाती	धरोहर-स्थिरता

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

Ans. (d) : श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द युग्म 'थाति-थाती' का सही अर्थ भेद 'धरोहर-स्थिरता' सही नहीं है, बल्कि इसका सही अर्थ भेद 'स्थिरता-धरोहर' होगा। जबकि अन्य सभी शब्द युग्म के अर्थ भेद सही हैं।

137. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'देव – दैव' का उचित अर्थ है-

(a) दरिद्र-दुःखी (b) भूदेव - भाग्य
(c) दया - जीवनी (d) जाति - राम

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (b) : श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'देव-दैव' का उचित अर्थ 'भूदेव-भाग्य' हैं। अन्य विकल्प असंगत हैं।

138. श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'परिणाम'-परिमाण का उचित अर्थ है-

(a) अंत-माप (b) दीप-फल
(c) परिणति-परीक्षक (d) मात्रा-अभिप्राय

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (a) : श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म 'परिणाम-परिमाण' का उचित अर्थ है- अंत-माप।' सुनने में समान लगने वाले किंतु भिन्न अर्थ वाले दो शब्दों का युग्म श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द-युग्म कहलाते हैं।

139. भवन और भुवन का अर्थ किस विकल्प में सही है?

(a) आकाश -संसार (b) चौदह लोक - प्रासाद
(c) महल - जगत (d) गृह - वन

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (c) : भवन का अर्थ - 'महल' होता जबकि भुवन का अर्थ- 'जगत' होता है।

अनेक शब्दों के लिये एक शब्द

140. 'अंकेक्षक' शब्द के लिए सही वाक्यांश क्या है?

(a) अंक (गोद) में खेलने वाला बच्चा
(b) अंकों की गणना करने वाला
(c) अंकों के साथ खेलने वाला
(d) आय-व्यय के आंकड़ों की जाँच करने वाला

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिए हुए प्रश्न में 'अंकेक्षक' का सही वाक्यांश विकल्प (d) होगा।
अतः 'अंकेक्षक' का सही वाक्यांश- 'आय-व्यय के आंकडों की जाँच करने वाला' होगा।

141. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है?

(a) बुरे मार्ग पर चलने वाला - कुमार्गी
(b) छुटकारा दिलाने वाला - त्राता
(c) आकाश में घूमने वाला - आकाशवृत्ति
(d) जिसे करना कठिन हो – दुष्कर

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) :

वाक्यांश	–	एक शब्द
→ बुरे मार्ग पर चलने वाला	–	कुमार्गी
→ छुटकारा दिलाने वाला	–	त्राता
→ आकाश में घूमने वाला	–	नभचर
→ जिसे करना कठिन हो	–	दुष्कर
→ अनिश्चत जीविका या प्रवृत्ति	–	आकाशवृत्ति

142. 'गुप्तचर' इस शब्द के लिए कौन-सा वाक्यांश सही है?

(a) छिपकर टोह लेने वाला (b) हर बात छुपाने वाला
(c) छिपाने योग्य (d) जो गुप्त स्थान पर रहता हो

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : 'गुप्तचर' शब्द के लिए सही वाक्यांश है– छिपकर टोह लेने वाला। अन्य विकल्प असंगत हैं।

143. 'किए गए उपकार को न मानने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-

(a) कृतघ्न (b) अपकारी (c) कृतज्ञ (d) अनुपकारी

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : 'किए गए उपकार को न मानने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है– 'कृतघ्न'।
किए गए उपकार को मानने वाला 'कृतज्ञ' कहलाता है।

144. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है?

(a) जल में जनमने वाला - जलज
(b) जहाँ केवल रेत ही रेत हो – मरुस्थल
(c) अनुचित बात के लिए आग्रह – दुराग्रह
(d) जो सब कुछ जानता है – बहुज्ञ

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : विकल्प (d) के वाक्यांश में प्रयुक्त शब्द सार्थक नही हैं।

वाक्यांश	एक शब्द
जल में जनमने वाला	जलज
जहाँ केवल रेत ही रेत हो	मरुस्थल
अनुचित बात के लिए आग्रह	दुराग्रह
जो सब कुछ जानता हो	सर्वज्ञ

145. 'जहाँ जाया न जा सके।' वाक्यांश के लिए एक शब्द है

(a) अधिगम (b) अगम्य (c) निर्गम (d) सुगम

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : 'जहाँ जाया न जा सके।' वाक्यांश के लिए एक शब्द है– 'अगम्य'। शेष विकल्प असंगत हैं।

146. 'जिसका उपचार या हल न हो सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–

(a) अस्हाय (b) असीम (c) असाध्य (d) असह्य

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) :

वाक्य खंड	–	एक शब्द
जिसकी कोई सहायता करने वाला न हो	–	असहाय
जिसकी कोई सीमा न हो	–	असीम
जिसका उपचार या हल न हो सके	–	असाध्य
जो सहन करने योग्य न हो	–	असह्य

147. 'अज्ञेय' शब्द के लिए एक वाक्यांश है–

(a) जिसे देखा न जा सके (b) जिसे जाना न जा सके
(c) जिसे रोका न जा सके (d) जिसे सुना न जा सके

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (b) :

वाक्य ख	–	एक शब्द
जिसे देखा न जा सके	–	अदृश्य
जिसे जाना न जा सके	–	अज्ञेय
जिसे सुना न जा सके	–	अश्रव्य

148. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक है?

(a) व्याकरण जानने वाला – वीरप्रसु
(b) क्षण में नष्ट होने वाला – क्षतिपूर्ति
(c) जिसमें सबकी सम्मति है – सर्वज्ञ
(d) जो बिना वेतन काम करता हो – अवैतनिक

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द :–

वाक्यांश	एक शब्द
व्याकरण जानने वाला	वैयाकरण
क्षण में नष्ट होने वाला	नश्वर
जिसमें सबकी सम्मति है	सर्वसम्मति
जो बिना वेतन का काम करता हो	अवैतनिक

149. 'प्रत्युत्पन्नमति' शब्द के लिए सही वाक्यांश निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) जो फिर से उत्पन्न हुआ हो
(b) जिसकी बुद्धि में तुरंत नई सूझ उत्पन्न हो
(c) जो तत्काल शांत हो जाए
(d) उत्तर न देने की क्षमता वाला

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : 'प्रत्युत्पन्नमति' शब्द के लिए सही वाक्यांश 'जिसकी बुद्धि में तुरंत नई सूझ उत्पन्न हो' होगा। अन्य वाक्यांशों के लिए एक शब्द निम्न प्रकार होंगे :–
जो फिर से उत्पन्न हुआ हो – द्विज
उत्तर न देने की क्षमता वाला – अनुत्तरित

150. निम्नलिखित में से किस विकल्प में वाक्यांश के लिए एक शब्द सही नहीं है?

(a) गिरने से कुछ ही बचे इमारत - ध्वंसावशेष
(b) पूर्णिमा की रात - कुहू
(c) शिव का धनुष - पिनाक
(d) ऐसी भूमि जो उपजाऊ न हो - ऊसर

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

Ans. (b) : 'पूर्णिमा की रात-कुहू' वाक्यांश के लिए एक शब्द युग्म असंगत है। 'पूर्णमासी' को पूर्णिमा की रात कहा जाता है तथा कुहू 'अमावस्या' की रात को कहा जाता है, जिसमें चन्द्रमा भी न दिखाई दे। वाक्यांश एवं उनके शब्दों के अन्य विकल्प संगत हैं।

151. 'जिसका वर्णन न किया जा सके' – इस शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइये ।

(a) अपठनीय (b) अवर्णनीय
(c) अकल्पनीय (d) अकथनीय

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (b) :

शब्द समूह (वाक्यांश)	एक शब्द
जिसका वर्णन न किया जा सके	अवर्णनीय
जिसकी कल्पना न की जा सके	अकल्पनीय
जिसे कहा न जा सके	अकथनीय
जिसे पढ़ा न जा सके	अपठनीय

संधि

152. 'नद्यागम' शब्द का संधि-विग्रह है –

(a) नद्य + आगम (b) नदि + आगम
(c) नदी + आगम (d) नद्या + गम

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिए गए प्रश्न में शब्द 'नद्यागम' का संधि-विग्रह विकल्प (c) होगा।
अतः 'नद्यागम' = नदी + आगम
इसमें यण संधि का प्रयोग हुआ है।

153. निम्नलिखित में से कौन सा स्वर सन्धि का भेद नहीं है?

(a) हल सन्धि (b) वृद्धि सन्धि
(c) दीर्घ संधि (d) गुण संधि

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिए हुए प्रश्न में स्वर-संधि का भेद विकल्प (a) में नहीं हैं। शेष विकल्प स्वर संधि के भेद है। मूल रूप से स्वर-संधि के 5 भेद हैं।
(i) दीर्घ, (ii) गुण, (iii) अयादि, (iv) वृद्धि, (v) यण

154. 'अभीष्ट' का सही संधि-विग्रह है :

(a) अभि + ईष्ट (b) अभी + ईष्ट
(c) अभी + इष्ट (d) अभि + इष्ट

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : 'अभीष्ट' का सही संधि-विग्रह है– 'अभि + इष्ट'।
यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है। यदि अ/आ, इ/ई तथा उ/ऊ के बाद वे ही ह्रस्व या दीर्घ स्वर आए तो दोनों के मेल से क्रमशः दीर्घ आ, ई तथा ऊ हो जाता है। इस मेल से बनने वाली संधि दीर्घ स्वर संधि कहलाती है। जैस- मही + इन्द्र = महीन्द्र

155. निम्नलिखित में से कौन-सा स्वर सन्धि का भेद नहीं है?

(a) अनादि (b) वृद्धि (c) दीर्घ (d) गुण

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : दिये गये विकल्पगत शब्दों में 'अनादि', स्वर सन्धि का भेद नहीं है। स्वर संधि के पाँच भेद होते हैं–
दीर्घ सन्धि, गुण सन्धि, वृद्धि सन्धि, यण सन्धि और अयादि सन्धि।

156. महा + ओजस्वी का संधि रूप है–

(a) महौजस्वी (b) महोजस्वी (c) म्होजस्वी (d) महाजस्वी

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : 'महा + ओजस्वी' का संधि रूप 'महौजस्वी' होगा। इसमें वृद्धि स्वर संधि है।
यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'ए' या 'ऐ' आये, तो दोनों के स्थान में 'ऐ' तथा 'ओ' या 'औ' आये तो दोनों के स्थान में 'औ' हो जाता है।
जैसे– परम + ओजस्वी = परमौजस्वी
महा + औषध = महौषध

157. निम्नलिखित में से कौन-सा संधि-विच्छेद सही है?

(a) महर्षि = महा + अर्षि
(b) महाविद्यालय = महा + विद्या + लय
(c) व्याकुल = व्या + कुल
(d) मध्वरि = मधु + अरि

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : दिए गए संधि विच्छेदों में से 'मध्वरि' (मधु + अरि) का संधि-विच्छेद सही है। इसमें यण स्वर संधि है। यदि इ,ई,उ,ऊ और ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आये तो इ-ई का 'य', उ-ऊ का 'व' और 'ऋ' का 'र्' हो जाता है।
जैसे – मध्वालय = मधु + आलय; अत्यूष्म = अति + ऊष्म

158. जब प्रथम वर्ण व्यंजन और दूसरा वर्ण स्वर हो तो उनके मध्य की संधि होगी–

(a) व्यंजन संधि (b) अयादि संधि
(c) विसर्ग संधि (d) स्वर संधि

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : जब प्रथम वर्ण व्यंजन और दूसरा वर्ण स्वर हो, तो उनके मध्य की संधि व्यंजन संधि होगी।
व्यंजन संधि के उदाहरण हैं–
उल्लास = उत् + लास; जगन्नाथ = जगत् + नाथ

159. 'उर्मिलेश'-शब्द का संधि-विच्छेद चयन कीजिए।

(a) उर्मिला + ईश (b) उर्मिल + ईश
(c) उर्मिल + एश (d) उर्मिला + एश

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

Ans. (a) : 'उर्मिलेश' शब्द का संधि विच्छेद 'उर्मिला + ईश' होगा। यह गुण स्वर संधि का उदाहरण है।
गुण संधि-यदि 'अ' या 'आ' के बाद इ या ई, उ या ऊ और ऋ आये, तो दोनों मिलकर क्रमशः 'ए', 'ओ' 'अर्' हो जाते हैं।
जैसे- देव + इन्द्र = देवेन्द्र
चंद्र + उदय = चन्द्रोदय
महा + ऋषि = महर्षि

160. निम्न में से संधि का कौन सा युग्म गलत है?

(a) अनूदित = अनु + उदित
(b) अवनींद्र = अवनी + इंद्र
(c) श्रद्धानंद = श्रद्ध + आनंद
(d) भूद्धार = भू + उद्धार

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

Ans. (c) : दिये गये विकल्पों में 'श्रद्धानंद = श्रद्ध + आनंद' संधि का युग्म गलत है। इसका शुद्ध रूप होगा- 'श्रद्धा + आनंद' होगा। यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है। अन्य सभी विकल्प युग्म शुद्ध हैं।

161. पितृ + इच्छा के योग से कौन-सा शब्द बनेगा?

(a) पितरूच्छा (b) पित्रीच्छा (c) पितृच्छा (d) पित्रिच्छा

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

Ans. (d) : 'पितृ + इच्छा' के योग्य से 'पित्रिच्छा'शब्द बनेगा। यहाँ यण संधि है। इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद किसी भिन्न स्वर के आने पर यण संधि के नियम से इ, ई का 'य' उ, ऊ का व् और ऋ का र् हो जाता है।

162. नीचे दिए गए उदाहरणों के साथ संधि का नाम किस विकल्प में अशुद्ध है?

(a) सदैव – वृद्धि संधि (b) दिगंबर – व्यंजन संधि
(c) वनोत्सव – दीर्घ संधि (d) महार्णव – दीर्घ संधि

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (c) : 'वनोत्सव – दीर्घ संधि' विकल्प की दृष्टि से अशुद्ध है, क्योंकि इसमें गुण संधि है। वनोत्सव का संधि विच्छेद होगा–
वन + उत्सव = अ + उ = ओ (वृद्धि संधि)
सदैव – वृद्धि संधि = सदा + एव
दिगंबर – व्यंजन संधि = दिक् + अम्बर
महार्णव – दीर्घ संधि = महा + अर्णव
वनोत्सव – गुण संधि = वन + उत्सव
वन + उत्सव = वनोत्सव, नियम- अ + उ = ओ

163. 'न्यून' का कौन-सा संधि रूप शुद्ध है?

(a) नी + उन (b) नी + ऊन (c) नि + उन (d) नि + ऊन

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (d) : 'न्यून' का शुद्ध संधि रूप 'नि + ऊन' है। इसमें 'यण संधि' है।

यण संधि – जब इ/ई, उ/ऊ तथा ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आता है तो इ/ई का य्, उ/ऊ का व् तथा ऋ का र् में परिवर्तन हो जाता है। इस परिवर्तन को यण संधि कहते हैं।

जैसे- अधि + आय = अध्याय; अनु + एषण = अन्वेषण

164. 'वेद + अंत' की सही संधि है-

(a) वेदांत (b) विद्यांत (c) वेदनत (d) वेदंत

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (a) : 'वेद + अंत' की सही संधि 'वेदांत' है। इसमें दीर्घ स्वर संधि है।

दीर्घ स्वर संधि- ह्रस्व या दीर्घ स्वर (अ,इ,उ) के बाद ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ आये तो दोनों मिलकर दीर्घ आ, ई, ऊ हो जाते हैं। इस परिवर्तन को दीर्घ स्वर संधि कहते हैं। इसका सूत्र अकः सवर्णे दीर्घः होता है।

जैसे- विद्या + अर्थी = विद्यार्थी; धर्म + अर्थ = धर्मार्थ

समास

165. निम्नलिखित में से कौन सा सामासिक युग्म सही है?

(a) बेमिसाल- द्वंद्व समास
(b) दुरात्ता- द्विगु समास
(c) कर्महीन- तत्पुरुष समास
(d) चतुरानन- अव्ययीभाव समास

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिए हुए प्रश्न में सामासिक युग्म का सही विकल्प (c) है। अतः सही युग्म- कर्महीन- तत्पुरुष समास है।

कर्महीन का विग्रह कर्म से हीन होगा तथा इसमें तत्पुरुष समास है।

तत्पुरुष समास- जिस समास में द्वितीय या उत्तर पद प्रधान हो, उसे तत्पुरुष समास कहते है।

इस समास में द्वितीया से सप्तमी तक विभक्ति का लोप होता है।

166. 'यथाशक्ति' का सही विग्रह क्या होगा?

(a) शक्ति के अनुसार (b) जितनी शक्ति
(c) जैसी शक्ति (d) यथा जो शक्ति

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : 'यथाशक्ति' का सही विग्रह है– 'शक्ति के अनुसार'। इसमें अव्ययीभाव समास है।

'जिस सामासिक शब्द का प्रथम पद प्रधान होता है तथा अव्यय की भाँति प्रयोग होता है, अव्ययीभाव समास कहलाता है।'

जैसे – यथारूचि, आमरण, भरपेट, आजीवन आदि।

167. निम्नलिखित में से कौन सा समास नाम सही हैं?

(a) सज्जन – अव्ययीभाव समास
(b) अष्टाध्यायी – द्वंद्व समास
(c) यथामति – कर्मधारय समास
(d) शरणागत – तत्पुरुष समास

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिये गये विकल्पों मे 'शरणागत' में तत्पुरुष समास है। शरणागत' का समास विग्रह है– शरण में आया हुआ। इसमें 'में' चिह्न का लोप हुआ है।

तत्पुरुष समास – तत्पुरूष समास में उत्तरपद प्रधान होता है और पूर्वपद गौण होता है तथा सामासिक पद में विभक्ति का लोप हो जाता है।

जैसे– नरोत्तम = नरों में उत्तम; शोकाकुल = शोक से आकुल

168. निम्नलिखित में से कौन सा समास का प्रकार सही नहीं है?

(a) पंचवटी – द्विगु समास
(b) विद्याभंडार – तत्पुरुष समास
(c) पर्णकुटी – द्वंद्व समास
(d) यथानियम – अव्ययीभाव समास

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : दिए गए विकल्पों में, 'पर्णकुटी' में द्वंद्व समास नहीं है। 'पर्णकुटी' शब्द में तत्पुरुष समास है। तत्पुरुष समास 6 कारकों में विभक्त है।

तत्पुरुष समास : जिस समास का उत्तर पद प्रधान हो और पूर्वपद गौण हो, उसे तत्पुरुष समास कहते है।

जैसे :– पर्णकुटी = पत्तों की कुटिया; राजपुत्र = राजा का पुत्र

169. किस युग्म में अशुद्धि है?

(a) दालरोटी – द्वंद्व समास
(b) सतसई - द्विगु समास
(c) आजन्म – अव्ययीभाव समास
(d) प्रतिवर्ष - कर्मधारय समास

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (d) : प्रतिवर्ष - कर्मधारय समास युग्म में अशुद्धि है। प्रतिवर्ष में अव्ययीभाव समास है ना कि कर्मधारय। अव्ययीभाव समास में प्रथम पद अव्यय होता है तथा उसका अर्थ प्रधान होता है। जैसे – प्रतिवर्ष = हर वर्ष, आजन्म = जन्म से, बेकाम = बिना काम के, बेलगाम = बिना लगाम के आदि।

170. 'गुण-दोष' किस समास का उदाहरण है?

(a) अव्ययीभाव समास (b) द्वंद्व समास
(c) तत्पुरुष समास (d) कर्मधारय समास

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (b) : 'गुण-दोष' द्वंद्व समास का उदाहरण है। जिन सामासिक शब्दों के दोनों पद प्रधान होते हैं तथा विग्रह करने पर 'और', 'अथवा' या 'एवं' आदि का प्रयोग होता है, वे द्वंद्व सामासिक शब्द कहलाते हैं। जैसे→ भाई - बहन, पाप - पुण्य

वाक्य रचना

171. निम्नलिखित विकल्प में से कौन सा वाक्य मिश्रित वाक्य का उदाहरण है?

(a) जब मैं छोटी थी तब साइकिल चलाती थी।
(b) छोटी बच्ची साइकिल चलाती थी।
(c) मैं छुटपन में साइकिल चलाती थी।
(d) मै छोटी थी और साइकिल चलाती थी।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : 'जब मैं छोटी थी तब साइकिल चलाती थी।' मिश्रित वाक्य का उदाहरण है।

मिश्र वाक्य- जिस वाक्य में एक से अधिक वाक्य मिले हों, किंतु एक प्रधान उपवाक्य तथा शेष आश्रित उपवाक्य हो, तो उसे मिश्र वाक्य कहते है।

172. 'प्रातः सूर्य उदित हुआ और पक्षी चहचहाने लगे।'

(a) मिश्र वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) सरल वाक्य

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिया गया वाक्य 'प्रातः सूर्य उदित हुआ और पक्षी चहचहाने लगे' संयुक्त वाक्य का उदाहरण है। जिस वाक्य में साधारण अथवा मिश्र वाक्यों का मेल संयोजक अव्ययों द्वारा होता है, उसे संयुक्त वाक्य कहते है। संयुक्त वाक्यों में प्रत्येक वाक्य अपनी स्वतंत्र सत्ता बनाये रखता है, वह एक दूसरे पर आश्रित नहीं होता। केवल संयोजक अव्यय उन स्वतंत्र वाक्यों को मिलाते है।

173. 'नरेश घर गया। उसने माँ को देखा।' वाक्य संश्लेषण द्वारा निर्मित संयुक्त वाक्य होगा-

(a) नरेश ने घर जाकर माँ को देखा।
(b) नरेश घर गया जहाँ उसने माँ को देखा।
(c) नरेश घर गया, तब उसने माँ को देखा।
(d) नरेश घर गया और (उसने) माँ को देखा।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : 'नरेश घर गया। उसने माँ को देखा'। वाक्य का संश्लेषण करने पर निर्मित संयुक्त वाक्य होगा – नरेश घर गया और (उसने) माँ को देखा। अन्य वाक्य असंगत है।

174. निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य का उदाहरण कौन-सा है?

(a) बीमार होने के कारण रमेश आज खेलने नहीं आया है।
(b) यह वही भारत देश है, जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था।
(c) महेश खेलता है और रमेश पढ़ता है।
(d) आकाश भागता रहता है।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : 'यह वही भारत देश है, जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था।' वाक्य, मिश्र वाक्य का उदाहरण है। मिश्र वाक्य में एक सरल वाक्य होता है तथा दूसरा आश्रित उपवाक्य होता है।

175. 'मजदूर मेहनत करता है किन्तु उसके लाभ से वंचित रहता है।' यह वाक्य है–

(a) साधारण वाक्य (b) आज्ञार्थक वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) मिश्र वाक्य

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दिया गया वाक्य ' मजदूर मेहनत करता है किन्तु उसके लाभ से वंचित रहता है' संयुक्त वाक्य का उदाहरण है।

संयुक्त वाक्य - संयुक्त वाक्य उस वाक्य समूह को कहते है, जिसमें दो या दो से अधिक सरल वाक्य अथवा मिश्र वाक्य अव्ययों द्वारा संयुक्त हों।

जैसे - मैंने खाना खाया और मेरी भूख मिट गयी।

नोट - यहाँ याद रखने की बात है कि संयुक्त वाक्यों में प्रत्येक वाक्य अपनी स्वतंत्र सत्ता बनाये रखता है, वह एक दूसरे पर आश्रित नहीं होता, केवल संयोजक अव्यय उन स्वतंत्र वाक्यों को मिलाते है।

176. 'श्यामलाल, जो गांधी गली में रहता है, मेंरा मित्र है। यह किस प्रकार का वाक्य है?

(a) संयुक्त वाक्य (b) जटिल वाक्य
(c) सरल वाक्य (d) मिश्र वाक्य

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : 'श्यामलाल, जो गाँधी गली में रहता है, मेरा मित्र हैं' यह मिश्र वाक्य का उदाहरण है।

मिश्र वाक्य :– जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंग वाक्य हो, उसे मिश्र वाक्य कहते है। मिश्र वाक्य में प्रधान वाक्य को आश्रित उपवाक्य से जोड़ने के लिए कि, जो जितना, उतना, यद्यपि, तथापि इत्यादि का प्रयोग किया जाता है।

जैसे– अमित ने वह घर खरीदा, जो उसके चाचा का था।

177. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य मिश्र वाक्य है?

(a) यज्ञदत देवदत्त को व्याकरण पढ़ाता है।
(b) वह उड़ती हुई चिड़िया पहचानता है।
(c) उसमें न पत्ते थे, न फूल थे।
(d) मैंने सुना है कि आपके देश में अच्छा राजप्रबंध है।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : दिए गया वाक्य 'मैने सुना है कि आपके देश में अच्छा राजप्रबंध है' मिश्र वाक्य का उदाहरण है। जिस वाक्य में एक साधारण वाक्य के अतिरिक्त उसके अधीन कोई दूसरा अंगवाक्य हो, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं। मिश्र वाक्य के उपवाक्य प्रायः कि, जो, जहाँ, जिसने, ज्यों ही, जैसे-वैसे, क्योंकि, यदि तो, आदि व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े होते है।

जैसे– मेरा दृढ़ विश्वास है कि भारत जीतेगा।

178. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य संयुक्त वाक्य का उदाहरण है?

(a) जो परिश्रम करेगा, उसे सफलता मिलेगी।
(b) यह वही बच्चा है जो कल गिर गया था।
(c) शाम हुई और गाय घर लौट आई।
(d) बगीचे में सुन्दर फूल खिले हैं।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : दिया गया वाक्य 'शाम हुई और गाय घर लौट आई' संयुक्त वाक्य का उदाहरण है।

जिस वाक्य में साधारण अथवा मिश्र वाक्यों का मेल, संयोजक अवयवों द्वारा होता है, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। संयुक्त वाक्यों में प्रत्येक वाक्य अपनी स्वतंत्र सत्ता बनाए रखता है, वह एक दूसरे पर आश्रित नहीं होता है, केवल संयोजक अव्यय उन स्वतंत्र वाक्यों को मिलाते है।

जैसे - मैं आया और वह गया।

179. विद्यालय की शोभा वही बढ़ा सकता है, जो अनुशासन में रहे। यह किस वाक्य का उदाहरण है?

(a) संयुक्त वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य
(c) सरल वाक्य (d) मिश्र वाक्य

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : दिया गया वाक्य 'विद्यालय की शोभा वही बढ़ा सकता है, जो अनुशासन में रहे' मिश्र वाक्य का उदाहरण है। जिस वाक्य में मुख्य उद्देश्य और मुख्य विधेय के अलावा एक या अधिक समापिका क्रियाएँ हो, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं। इसमें मुख्य उद्देश्य और मुख्य विधेय से जो वाक्य बनता है, उसे मुख्य उपवाक्य और दूसरे वाक्यों को आश्रित उपवाक्य कहते है। मिश्र वाक्य के उपवाक्य प्रायः कि, जो, जब, जहाँ, जिसने, ज्यों ही, जैसे-वैसे, यदि तो इत्यादि व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े होते है।

जैसे– मैने देखा कि बाजार में चहल-पहल थी,

यहाँ दोनों उपवाक्य 'कि' व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय से जुड़े हैं।

180. संयुक्त वाक्य की पहचान क्या होती है?

(a) वाक्य में मुख्य क्रिया एक ही होती है।
(b) इसमें दो वाक्य होते हैं।
(c) एक प्रधान और एक समानाधिकरण उपवाक्य होता है और दोनों उपवाक्य आपस में स्वतंत्र रहते हुए किसी योजक (और, अथवा, किन्तु आदि) से जुड़े होते हैं।
(d) एक प्रधान उपवाक्य और एक या अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं।

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (c) : संयुक्त वाक्य की पहचान में एक प्रधान और एक समानाधिकरण उपवाक्य होता है और दोनों उपवाक्य आपस में स्वतंत्र रहते हुए किसी योजक (और, अथवा, किन्तु आदि) से जुड़े होते हैं।

रस

181. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन सा रस है?

हे सारथे! हे द्रोण क्या, देवेंद्र भी आकर अड़ें,
है खेल क्षत्रिय बालकों का, व्यूह-भेदन कर लड़े।

मैं सत्य कहता हूँ सखे! सुकुमार मत जानो मुझे,
यमराज से भी युद्ध में प्रस्तुत सदा मानो मुझे।

(a) वीर रस (b) करुण रस
(c) शृंगार रस (d) भयानक रस

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दी गई पंक्तियों में 'वीर रस' है।
वीर रस – जब किसी रचना या वाक्य आदि से उत्साह जैसे स्थायी भाव की उत्पत्ति होती है, तो वहाँ वीर रस होता है। युद्ध अथवा किसी कार्य को करने के लिए हृदय में जो उत्साह का भाव जागृत होता है- उसमें भी वीर रस होता है।
वीर का स्थायी भाव 'उत्साह' है।
वीर रस के चार प्रकार होते है।
(i) युद्धवीर (ii) दानवीर (iii) दयावीर (iv) धर्मवीर

182. 'अब लौ नसानी अब न नसैहों', इसमें कौन सा रस है?

(a) करुण रस (b) अद्भुत रस
(c) शांत रस (d) वीर रस

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) 'अब लौ नसानी अब न नसैहों' में शांत रस है।
शांत रस- जब मनुष्य मोह-माया को त्याग कर सांसारिक कार्यो से मुक्त हो जाता है और वैराग्य धारण कर परमात्मा के वास्तविक स्वरूप का दर्शन करता है तो मनुष्य के मन को जो शांति मिलती है, उसे शांत रस कहते हैं। इस रस का स्थायी भाव –निर्वेद होता है।

183. 'राम को रूप निहारति जानकी कंकन के नग की परछाईं' – पंक्ति में कौन-सा रस है?

(a) शृंगार रस (b) शान्त रस
(c) वात्सल्य रस (d) अद्भुत रस

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : 'राम को रूप निहारति जानकी कंकन के नग की परछाईं'– पंक्ति में शृंगार रस है। शृंगार रस का स्थायी भाव 'रति' है।
'विभाव, अनुभाव एवं संचारी भाव के संयोग से अभिव्यक्त होने वाला परिपुष्ट रति नामक स्थायी भाव शृंगार रस कहलाता है।'

184. निम्नलिखित में से किस रस का स्थायी भाव 'रति' है?

(a) शृंगार रस (b) शान्त रस
(c) भक्ति रस (d) अद्भुत रस

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : 'शृंगार रस' का स्थायी भाव 'रति' है।
'रस की उत्पत्ति मन की विभिन्न प्रवृत्तियों से होती है। इन प्रवृत्तियों को स्थायी भाव कहते हैं।' सर्वप्रथम भरतमुनि ने 8 स्थायी भावों की चर्चा की थी किन्तु परवर्ती आचार्य मम्मट एवं अभिनव गुप्त ने शांत रस के निर्वेद नामक भाव को भी स्थायी भाव माना।

रस	स्थायी भाव
शृंगार	रति
हास्य	हास
रौद्र	क्रोध
करुण	शोक
वीभत्स	जुगुप्सा
भयानक	भय
वीर	उत्साह
शांत	निर्वेद
अद्भुत	विस्मय

185. करुण रस का स्थायी भाव है–

(a) भय (b) बिस्मय (c) शोक (d) जुगुप्सा

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) :

रस		स्थायी भाव
शृंगार	-	रति
वात्सल्य	-	वत्सलता
करुण	-	शोक
वीर	-	उत्साह

186. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन सा रस है?
किलकत कान्ह घुटुरुवनि आवत।
मनिमय कनक नंद के आँगन, बिंब पकरिबैं धावत ॥
कबहुँ निरखि हरि आपु छाहँ को, कर सौं पकरन चाहत।
किलकि हँसत राजत द्वै दतियाँ, पनि-पनि तिहिं अवगाहत ॥

(a) शृंगार रस (b) वात्सल्य रस (c) शांत रस (d) वीर रस

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : 'किलकत कान्ह .....अवगाहत।'
उपर्युक्त पंक्तियों में वात्सल्य रस है। इसका स्थायी भाव 'वत्सलता' है। माता-पिता का अपनी संतान के प्रति जो प्रेम व स्नेह का भाव जागृत होता है, उसे वात्सल्य कहते हैं। यही वात्सल्य नामक स्थायी भाव जब विभाव, अनुभाव एवं संचारी भाव के सहयोग से रस रूप में परिणत होता है, तो उसे वात्सल्य रस कहते है।
जैसे– मैया मोरी दाऊ ने बहुत खिजायो।
मोसों कहत मोल की लीन्हो तु जसुमति कब जायो।

187. 'कबहुँक हों यहि रहनि रहौंगो
श्री रघुनाथ कृपालु कृपा ते संत सुभाव गहोंगो।
जथा लाभ संतोष सदा काहूँ सो कछु न चहौंगो।
परहित निरत निरंतर मन-क्रम-वचन नेम निवहोंगो।
उपर्युक्त पंक्तियों में निहित रस कौन सा है ?

(a) भायानक रस (b) वीर रस (c) रौद्र रस (d) शांत रस

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : कबहुँक हों - - - - - - - - - - - निवहोंगो।
उपर्युक्त पंक्तियों में शांत रस है शांत रस का स्थायी भाव 'निर्वेद' है, भरतमुनि के अनुसार रस 8 प्रकार के होते है।
शांत रस :– जब कभी ऐसे काव्यों को पढ़कर मन में असीम शांति एवं दुनिया से मोह भंग होने का भाव प्रकट हो, तो वहाँ शांत रस होता है।
जैसे – मेरौ मन अनंत सुख पावै
जैसे उड़ि जहाज को पंछी फिरि जहाज पे आवै।

188. निम्नलिखित उदाहरणों में शृंगार रस का उदाहरण कौन सा है?

(a) गिरता न कभी चेतक-तन पर,
राणा प्रताप का कोड़ा था।
वह दौड़ रहा अरि-मस्तक पर,
या आसमान पर घोड़ा था।।

(b) उद्वेलित कर अश्रु-रश्मियाँ
हृदय चिताएँ धधकाकर
महा महामारी प्रचंड हो
फ़ैल रही थी इधर-उधर

(c) पानी केरा बुदबुदा अस मानस की जात।
देखत ही छिप जायगा ज्यों तारा परभात।।

(d) पास ही मिलकर उगी है
बीच में अलसी हठीली
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नील फूले फूल को सर पर चढ़ाकर
कह रही है जो छुए यह
दूँ हृदय का दान उसको।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : पास ही मिलकर - - - - - - - - - - दान उसको।
उपर्युक्त पंक्तियों में शृंगार रस है, शृंगार रस का स्थायी भाव 'रति/प्रेम' है।
शृंगार रस :– जब किसी काव्य में नायक-नायिका के प्रेम, मिलन, विरह आदि जैसी क्रियाओं का वर्णन होता है, तो वहाँ शृंगार रस होता है। यह दो प्रकार का होता है।
(क) संयोग शृंगार **(ख)** वियोग शृंगार
उदाहरण- (1) बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय
सौंह करे भौहनि हँसे, देन कहै नटि जाय
(2) हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी।
तुम देखी सीता मृगनैनी।।

अलंकार

189. ''रहिमन पानी राखिए बिनु पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरे मोती मानस चून।।''
दोहे की नीचे की पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) मानवीकरण अलंकार (b) अनुप्रास अलंकार
(c) श्लेष अलंकार (d) उपमा अलंकार

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : दी गई पंक्तियों में 'श्लेष अलंकार' है।
श्लेष अलंकार – श्लेष का अर्थ 'चिपका हुआ या मिला हुआ' होता है। जब किसी शब्द का प्रयोग एक बार ही किया जाता है, लेकिन उससे अर्थ अनेक निकलते हैं तो वहाँ श्लेष अलंकार होता है।

190. ''काली घटा का घमंड घटा नभ मंडल तारका वृन्द खिले'', इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) उपमा अलंकार (b) रूपक अलंकार
(c) श्लेष अलंकार (d) यमक अलंकार

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिए हुए प्रश्न में दी गयी पंक्ति में 'यमक अलंकार' है।
यमक अलंकार:- जिस अलंकार में एक शब्द का प्रयोग 'दो' बार होता है और दोनों बार उसके अर्थ अलग-अलग होते हैं।
उदाहरण:- काली घटा का घमंड घटा नभ मंडल तारका वृन्द
↓ ↓
(बादल छाना) (कम होना)

191. 'फूले काँस सकल महि छाई। जनु बरसा रितु प्रकट बुढ़ाई।' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
(a) यमक अलंकार (b) रूपक अलंकार
(c) उत्प्रेक्षा अलंकार (d) श्लेष अलंकार

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : उपर्युक्त पंक्ति में 'उत्प्रेक्षा अलंकार' है।
'जहाँ उपमान के न होने पर उपमेय को ही उपमान मान लिया जाता है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है।'
उदाहरण → सोहत ओढ़े पीत पट, स्याम सलोने गात।
मनो नील मनि सैल पर आतप परयो प्रभात।
उत्प्रेक्षा अलंकार में वाचक शब्दों के रूप में जनु, जानौ, मनु, मानो, मनहुँ, जनहुँ आदि का प्रयोग किया जाता है।

192. 'मुदित महीपति मंदिर आए। सेवक सचिव सुमंत बुलाए।' इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
(a) रूपक अलंकार (b) अनुप्रास अलंकार
(c) उपमा अलंकार (d) यमक अलंकार

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : मुदित महीपति मंदिर आए।
सेवक सचिव सुमंत बुलाए।
इस पंक्ति में अनुप्रास अलंकार है।
'जहाँ वर्णो की बार-बार आवृति होने से चमत्कार उत्पन्न हो जाए, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है।'

193. 'पीपर पात सरिस मनडोला' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) उत्प्रेक्षा अलंकार (b) उपमा अलंकार
(c) अतिशयोक्ति अलंकार (d) रूपक अलंकार

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : 'पीपर पात सरिस मनडोला' पंक्ति में उपमा अलंकार है। यहाँ मन उपमेय, पीपर पात उपमान, सरिस वाचक पद एवं डोला साधारण धर्म है।
उपमा अलंकार–: जब किसी व्यक्ति या वस्तु की तुलना किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु से की जाए,तो वहाँ उपमा अलंकार होता है। उपमा के लिए चार बाते आवश्यक है। (क) उपमेय - जिसकी उपमा दी जाय, (ख) उपमान- जिससे उपमा दी जाय, (ग) समानतावाचक पद (घ) उपमेय और उपमान के समानधर्म को व्यक्त करने वाला शब्द।

194. 'सेस महेस गनेस दिनेस सुरेसहु जाहि निरंतर गावै' में कौन सा अलंकार है?
(a) उपमा अलंकार (b) अतिशयोक्ति अलंकार
(c) रूपक अलंकार (d) अनुप्रास अलंकार

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : 'सेस महेश गनेस दिनेस सुरेसहु जाहि निरंतर गावै' में अनुप्रास अलंकार है।
अनुप्रास अलंकार :– वर्णो की आवृत्ति को अनुप्रास कहते है। आवृत्ति का अर्थ किसी वर्ण का एक से अधिक बार आना है।
जैसे– मुदित महीपति मंदिर आए।
सेवक सचिव सुमंत बुलाए।।
यहाँ पहले पद में 'म' वर्ण की आवृत्ति और दूसरे में 'स' वर्ण की आवृत्ति हुई है। अतः यहाँ अनुप्रास अलंकार है।

195. 'तरनि तनुजा तट तमाल तरुवर बहु छाए' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
(a) रूपक अलंकार (b) उपमा अलंकार
(c) अतिशयोक्ति (d) अनुप्रास अलंकार

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : उपर्युक्त पंक्ति 'तरनि तनुजा तट तमाल तरुवर बहु छाए' में अनुप्रास अलंकार है, क्योंकि पंक्ति में 'त' वर्ण की आवृति बार-बार हो रहीं है।
अनुप्रास अलंकार – जहाँ किसी पंक्ति में एक ही वर्ण की अनेक बार आवृत्ति हो, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है।
जैसे :– चारु चंद्र की चंचल किरणे, खेल रहीं है जल थल में।

196. निम्नलिखित में से कौन सा अर्थालंकार का एक प्रकार है?
(a) यमक अलंकार (b) रूपक अलंकार
(c) वक्रोक्ति अलंकार (d) श्लेष अलंकार

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : दिए गए अलंकारों में से 'रूपक अलंकार' अर्थालंकार का एक प्रकार है। अन्य अलंकार शब्दालंकार के प्रकार है।

आचार्य वामन के अनुसार, जो किसी वस्तु को अलंकृत करे, वह अलंकार है। अलंकारों के मुख्यतः तीन वर्ग किये गये हैं–

1. शब्दालंकार **2.** अर्थालंकार **3.** उभयालंकार

1. शब्दालंकार में अनुप्रास, यमक, श्लेष, वक्रोक्ति, विप्सा आते हैं।

2. अर्थालंकार में उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति, अन्योक्ति, मानवीकरण, भ्रांतिमान, संदेह आदि आते है।

3. उभयालंकार में संसृष्टि व संकर आते है।

197. निम्नलिखित में से किस अलंकार में शब्द का प्रयोग एक ही बार किया जाता है पर उसके एक से अधिक अर्थ निकलते हैं?

(a) उपमा अलंकार (b) श्लेष अलंकार
(c) रूपक अलंकार (d) यमक अलंकार

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (b) : जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आये पर उसके अर्थ अलग-अलग निकले वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है। श्लेष का अर्थ होता है 'चिपका हुआ'। उदाहरण- रहिमन पानी राखिये, बिन पानी, सब सून। पानी गये न ऊबरै, मोती मानुष चून।। यहाँ पानी को तीन अर्थों में प्रयोग किया गया है, पहला मनुष्य के संदर्भ में, दूसरा अर्थ आभा या तेज के संदर्भ में तथा तीसरा अर्थ जल के संदर्भ में है।

198. 'मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के 'पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(a) उपमा अलंकार (b) अन्योक्ति अलंकार
(c) मानवीकरण अलंकार (d) अतिशयोक्ति अलंकार

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (c) : 'मेघ आए बडे. बन-ठन के सँवर के' पंक्ति में 'मानवीकरण अलंकार' है।

जहाँ काव्य में चेतन-अचेतन अवस्था का संबंध तथा क्रियाकलापों को मनुष्य के व्यवहार से जोड़कर प्रस्तुत किया जाता है वहाँ मानवीकरण अलंकार होता है।

उदाहरण– कलियाँ दरवाजें खोल-खोलकर।

मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

199. 'गुदड़ी का लाल होना' का सही अर्थ क्या है?

(a) निर्धन परिवार में जन्मा गुणी व्यक्ति
(b) अत्यन्त अनुभवी होना
(c) बनी बात बिगाड़ देना
(d) घर की आशा होना

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : 'गुदड़ी का लाल होना' का सही अर्थ – 'निर्धन परिवार में जन्मा गुणी व्यक्ति' होगा।

200. 'साँच को आँच नहीं' लोकोक्ति का अर्थ बताइये।

(a) सच्चे व्यक्ति को हर कोई झुठला सकता है।
(b) सच्चे व्यक्ति से सभी व्यक्ति प्रसन्न होते है।
(c) सच्चे को डरने की आवश्यकता नही।
(d) सच्चे व्यक्ति को डरने की आवश्यकता है।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : 'साँच को आँच नहीं' लोकोक्ति का सही अर्थ है– सच्चे को डरने की आवश्यकता नहीं'।

201. 'अंगद का पैर होना' मुहावरे का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) प्रतिज्ञा जिससे कभी न डिगे
(b) मजबूत और सुदृढ़ टाँगों वाला
(c) स्थिर कदम जो कभी विचलित नहीं होते
(d) राम का परम भक्त

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (a) 'अंगद का पैर होना' मुहावरे का अर्थ है– प्रतिज्ञा जिससे कभी न डिगे या अत्यन्त दृढ़ संकल्प होना।

202. 'गाल बजाना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) खुशियाँ मनाना (b) अपमानित करना
(c) थप्पड़ मारना (d) डींग मारना

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : 'गाल बजाना' मुहावरे का अर्थ 'डींग मारना' होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

वाक्य प्रयोग – पाकिस्तान, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा होने के बाद भी प्रायः गाल बजाता रहता है।

203. ''हाथ कंगन को आरसी क्या'' लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) विद्वान् को धन की बहुत आवश्यकता है।
(b) प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं।
(c) बिलकुल पढ़ा लिखा न होना।
(d) बुद्धिमान मनुष्य के लिए कोई काम कठिन नहीं है।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : ''हाथ कंगन को आरसी क्या'' लोकोक्ति का अर्थ है– ''प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं''। अन्य विकल्प असंगत हैं।

204. 'एक लाठी से हाँकना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) अच्छे-बुरे का अंतर न करना (b) बात बिगाड़ना
(c) मूर्ख बनाना (d) तानाशाह होना

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : 'एक लाठी से हाँकना' मुहावरे का अर्थ ''अच्छे-बुरे का अन्तर न करना'' होता है। शेष विकल्प असंगत हैं।

205. 'सामने शेर को दहाड़ता देखकर मेरे प्राण सूख गए।' रेखांकित मुहावरे का अर्थ क्या हैं?

(a) बड़ी मुसीबत आना। (b) साहसी होना।
(c) नजदीक जाना। (d) बहुत डर जाना।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : 'सामने शेर को दहाड़ता देखकर मेरे प्राण सूख गए' में रेखांकित मुहावरे का अर्थ है–बहुत डर जाना।

मुहावरा– ऐसा वाक्यांश, जो सामान्य अर्थ का बोध न कराकर किसी विलक्षण अर्थ की प्रतीति कराये, मुहावरा कहलाता है। मुहावरा अरबी भाषा का शब्द है।

206. 'घी के दिए जलाना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?

(a) मर जाना। (b) बुराई करना।
(c) जरूरत से ज्यादा बढ़ाई करना। (d) खुशियाँ मनाना।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : 'घी के दिए जलाना' मुहावरे का सही अर्थ है- खुशियाँ मनाना ।

वाक्य प्रयोग - राम के अयोध्या वापस लौटने पर अयोध्यावासियों ने घी के दिए जलाए।

207. 'आसमान पर चढ़ाना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा?

(a) अत्यधिक अभिमान करना।
(b) अत्यधिक प्रशंसा करना।
(c) बहुत शोर करना।
(d) कठिन काम के लिए प्रेरित करना ।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : 'आसमान पर चढ़ाना' मुहावरे का अर्थ है- अत्यधिक प्रशंसा करना।

वाक्य प्रयोग - रमेश ने अपने बेटे को आसमान पर चढ़ा रखा है इसलिए वह उन लोगों की बात नहीं मानता है।

208. ''एक अनार सौ बीमार'' लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) एक वस्तु के ग्राहक अनेक। (b) संघ न होना
(c) प्राण सबसे प्रिय होते है। (d) कपटपूर्ण व्यवहार करना।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिये गये लोकोक्ति 'एक अनार सौ बीमार' का अर्थ है- एक वस्तु के ग्राहक अनेक।

वाक्य प्रयोग - नौकरी के दस पद के लिए लाखों आवेदन-पत्र देखकर एक अनार सौ बीमार वाली कहावत चरितार्थ होती है।

209. 'कान कतरना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) क्षमा माँगना। (b) बहुत अधिक चालाक होना।
(c) गलती स्वीकारना। (d) बुरा काम करना।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : 'दिये गये मुहावरे 'कान कतरना' का अर्थ है– बहुत अधिक चालाक होना।

वाक्य प्रयोग – मोहन उम्र में छोटा जरूर है लेकिन चालाकी में बड़े-बड़े के कान कतरता है।

210. 'आँखों का तारा' मुहावरे का अर्थ है?

(a) अति आलसी (b) अति कमजोर
(c) अति दुखी (d) अति प्रिय

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : दिए गए मुहावरे 'आँखों का तारा' होना का अर्थ है– अति प्रिय।

वाक्य प्रयोग – बच्चा कैसा भी हो, माँ-बाप की आंखों का तारा ही होता है।

211. 'मान न मान मै तेरा मेहमान'–कहावत का अर्थ बताइए।

(a) जबरदस्ती गले पड़ना (b) मेहमान नवाजी करना
(c) मेहमान न बनना (d) मेजबानी करना

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : 'मान न मान मैं तेरा मेहमान' कहावत का अर्थ है– जबरदस्ती गले पड़ना।

वाक्य प्रयोग – रमेश मैं तुम्हें अपने घर नहीं ले जा सकता, क्यों मेरे गले पड़ रहे हो। तुम तो मान न मान मै तेरा मेहमान वाली कहावत चरितार्थ कर रहे हो।

212. 'घर का भेदी लंका ढाए' – कहावत का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) घर का भेद बताने से लंका नहीं ढहती।
(b) आपसी फूट से लंका ढह जाती है।
(c) आपसी फूट से सर्वनाश होता है।
(d) घर का भेद बताने से लंका ढह जाती है।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : 'घर का भेदी लंका ढाए' कहावत का अर्थ है– आपसी फूट से सर्वनाश होता है। अन्य विकल्प असंगत है।

213. 'चाँदी का जूता मारना' मुहावरे का सही अर्थ निम्न में से कौन-सा है?

(a) रिश्वत देना। (b) परवाह न करना।
(c) बहुत पीटना। (d) आनन्द मनाना।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

Ans. (a) : 'चाँदी का जूता मारना' मुहावरे का सही अर्थ 'रिश्वत देना' होगा।

214. 'अशर्फियाँ लुटें और कोयले पर मोहर' लोकोक्ति का अर्थ क्या होगा?

(a) बड़े-बड़े खर्चों पर ध्यान न देना, छोटे खर्चों में कंजूसी दिखाना।
(b) सराहना के बिना योग्यता का व्यर्थ हो जाना।
(c) स्वाभाविक दोषों का किसी अन्य कारण से और अधिक बढ़ जाना।
(d) एक वस्तु में होने वाला लाभ दूसरी वस्तु में हुई हानि में नष्ट हो जाना।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-I)

Ans. (a) : 'अशर्फियाँ लूटे और कोयले पर मोहर' लोकोक्ति का सही अर्थ होगा-बड़े-बड़े खर्चों पर ध्यान न देना, छोटे खर्चों में कंजूसी दिखाना।

215. 'हाथ को हाथ न सूझना' - मुहावरे का अर्थ क्या है?

(a) असमंजस में पड़ना। (b) कुछ काम न सूझना।
(c) बहुत घना अँधेरा होना। (d) भौंचक रह जाना।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-II)

Ans. (c) : 'हाथ को हाथ न सूझना' मुहावरे का अर्थ है- बहुत घना अँधेरा होना।

216. 'होनहार बिरवान के होते चिकने पात' लोकोक्ति का अर्थ निम्न में से क्या है?

(a) होनहार व्यक्ति सदा दिखावा करता है।
(b) होनहार व्यक्ति हमेशा दूसरों के दोष निकालता हैं
(c) होनहार व्यक्ति बहुत ही परिश्रम करता है।
(d) होनहाकर व्यक्तियों की प्रतिभा बचपन में ही दिखाई दे जाती है।

UPSSSC PET 28-10-2023 (Shift-I)

Ans. (d) : 'होनहार बिरवान के होत चिकने पात' लोकोक्ति का अर्थ होगा- होनहाकर व्यक्तियों की प्रतिभा बचपन में ही दिखाई दे जाती है।

217. 'अंधी पीसे कुत्ता खाए'–इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?

(a) कुत्ते को खाना खिलाना (b) बिना मतलब का काम करना
(c) कमाए कोई, खाए कोई (d) गलत काम करना

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (c) : 'अंधी पीसे कुत्ता खाए' इस लोकोक्ति का अर्थ है- कमाए कोई, खाए कोई।

वाक्य प्रयोग- राजन ने बड़ी मुश्किल से आम तोड़कर रखे और उन्हें सतीश आकर खा गया। यह तो वही बात हो गई कि अंधी पीसे, कुत्ता खाये।

218. 'बगलें झाँकना'-मुहावरे का अर्थ है:

(a) अत्यन्त लज्जित होना।
(b) दायित्व की स्थिति आने पर आँखें चुराना।
(c) असंभव बातें करना।
(d) शरीर अस्वस्थ होना।

UPSSSC Combined Technical Exam. 26-03-2023

Ans. (b) : 'बगले झाँकना' मुहावरे का अर्थ है- 'दायित्व की स्थिति आने पर आँखे चुराना।'

वाक्य प्रयोग- जब सड़क निर्माण के लिए लोगों से पूछा गया कि कौन-कौन श्रमदान करेगा तो सभी बगलें झाँकने लगे।

पत्र लेखन

219. पत्र-लेखन के बारे में कौन सा विकल्प सही नहीं लगता?

(a) अपने से छोटों को पत्र लिखते समय समापन (उपसंहारा) तुम्हारा/तुम्हारी शुभचिंतक/शुभाकांक्षी/हितैषी जैसे शब्दों से होना चाहिए

(b) सरकारी कार्यालयों में लिखे जाने वाले पत्रों में अभिवादन सादर नमस्ते लिखा जाना चाहिए।
(c) पिताजी, माताजी और अन्य बड़े लोगों के लिए पत्र में आदरणीय/ पूज्य जैसे शब्दों से प्रशस्ति होनी चाहिए।
(d) वैयक्तिक पत्रों में औपचारिकता नहीं होती है।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : सरकारी कार्यालयों में लिखे जाने वाले पत्रों में अभिवादन सादर नमस्ते लिखा जाना चाहिए। यह सही नहीं है। क्योंकि 'सरकारी कार्यालयों में लिखे जाने वाले पत्रों में अभिवादन भवदीय लिखा जाना चाहिए'।

220. अध्यक्ष महानगर पालिका को लिखे गए पत्र को किस प्रकार का पत्र कहेंगे?
(a) अनौपचारिक पत्र (b) व्यावसायिक पत्र
(c) व्यक्तिगत पत्र (d) औपचारिक पत्र

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : अध्यक्ष महानगर पालिका को लिखा गया पत्र औपचारिक पत्र की श्रेणी में आता है। औपचारिक पत्र उन्हें कहा जाता है जिनसे हमारा कोई निजी संबंध ना हो। औपचारिक पत्रों की भाषा स्पष्ट, संक्षिप्त एवं समझने योग्य होनी चाहिए।

221. एक औपचारिक पत्र में समाप्ति के पूर्व हस्ताक्षर और नाम के ऊपर कौन सा कथन उपयुक्त होगा?
(a) सादर प्रणाम (b) आपका प्रिय
(c) भवदीय (d) आपका आज्ञाकारी

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : एक औपचारिक पत्र में समाप्ति के पूर्व हस्ताक्षर और नाम के ऊपर 'भवदीय' कथन उपयुक्त होगा।
मुख्य रूप से पत्रों को दो भागों में विभाजित किया जाता है-
1. अनौपचारिक पत्र (व्यक्तिगत पत्र)
2. औपचारिक पत्र (प्रार्थना पत्र, कार्यालयी पत्र, व्यावसायिक पत्र आदि)

222. अध्यक्ष महानगर पालिका को लिखा जाने वाला शिकायत पत्र किस श्रेणी में आएगा?
(a) व्यावसायिक पत्र (b) कार्यालयी पत्र
(c) संपादकीय पत्र (d) व्यक्तिगत पत्र

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : अध्यक्ष महानगर पालिका को लिखा जाने वाला शिकायती पत्र कार्यालयी पत्र की श्रेणी में आएगा।

223. निम्नलिखित में कौन-सा पत्र औपचारिक पत्र नहीं है?
(a) पुस्तकें मँगवाने के लिए पुस्तक विक्रेता को लिखा जाने वाला पत्र
(b) अंकतालिका की नई प्रति प्राप्त करने के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षण बोर्ड को लिखा जाने वाला पत्र
(c) अवकाश के लिए विद्यालय-प्राचार्य को लिखा गया आवेदन पत्र
(d) कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पुत्र के लिए पिता द्वारा लिखा जाने वाला बधाई पत्र

UPSSSC Junior Assistant Exam. 27-8-2023

Ans. (d) : कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पुत्र के लिए पिता द्वारा लिखा जाने वाला बधाई पत्र औपचारिक पत्र के अन्तर्गत नहीं आता। वे पत्र जो किसी व्यवसाय से जुड़े व्यक्ति को भेजे जाते हैं या ऐसे व्यक्तियों को जो व्यावसायिक जीवन से जुड़े हों औपचारिक पत्र कहलाते हैं।

अपठित गद्यांश एवं पद्यांश प्रश्नोत्तर

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों से दें: (प्र. 224-228)

सच्ची मित्रता जितनी बहुमूल्य होती है, उसे बनाए रखना भी उतना ही कठिन है। इस मित्रता को स्थिर और दृढ़ रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यक तत्त्व हैं सहिष्णुता और उदारता। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ न कुछ कमी रहती ही है। पूर्ण निर्दोष और सर्वगुण सम्पन्न व्यक्ति कोई भी नहीं होता। अतः मित्र के अवगुणों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। दोष-दर्शन और एक दूसरे पर छींटाकशी से मित्रता में दरार पैदा होने का भय बना रहता है। आज भौतिकवादी युग है। इस युग में सच्चे मित्र का मिलना वैसे भी कठिन है। अधिकतर मित्र अपना उल्लू सीधा करने के लिए मित्रता का स्वाँग रचते हैं और अपना काम बन जाने के बाद अँगूठा दिखाकर चलते बनते है। ऐसे मित्र सामने प्रिय बोलते है, लेकिन पीछे विषवमन करते हैं। अतः शास्त्रों का मत है कि ऐसे मित्र मुख पर अमृत वाले विष से भरे घट के समान त्याज्य है। रामचरितमानस में कहा गया है- 'जे न मित्र दुख होंहि दुखारी। तिन्हहिं विलोकत पातक भारी।।

224. कैसे मित्र विष से भरे घट के समान त्याज्य होते हैं?
(a) जो मित्र सिर्फ अप्रिय वचन बोलते है।
(b) जो मित्र सिर्फ चुप रहते हैं।
(c) जो सामने प्रिय बोलते हैं, लेकिन पीछे विषवमन करते है।
(d) जो मित्र सिर्फ सच बोलते हैं।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : 'जो सामने प्रिय बोलते हैं, लेकिन पीछे विषवमन करते हैं।' ऐसे मित्र विष से भरे घट के समान त्याज्य होते हैं।

225. 'विषवमन' शब्द कौन से समास का उदाहरण है?
(a) द्वंद्व समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) अव्ययीभाव समास (d) तत्पुरुष समास

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : दिए हुए शब्द 'विषवमन' में तत्पुरुष समास होगा। अतः विषवमन का विग्रह 'विष को उगलने वाला होगा।'

226. 'पातक' शब्द का विलोम निम्नलिखित में से कौन सा शब्द है?
(a) पुण्य (b) उपकार (c) अपराध (d) पाप

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : दिए हुए प्रश्न में शब्द 'पातक' का विलोम शब्द 'पुण्य' होगा।

227. मित्रता को स्थिर और दृढ़ रखने के लिए..... सबसे महत्वपूर्ण आवश्यक तत्व हैं। (उपयुक्त शब्दों में वाक्य पूरा कीजिए।)
(a) उधार लेना उधार देना
(b) समय पर सहायता न करना
(c) सहिष्णुता और उदारता
(d) बुराई करना और गुणों को छुपाना

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : अतः मित्रता को स्थिर और दृढ़ रखने के लिए 'सहिष्णुता' और 'उदारता' सबसे महत्वपूर्ण और आवश्यक तत्त्व हैं।

228. किस कारण से मित्रता में दरार पैदा होने का भय बना रहता है?
(a) दोष-दर्शन और एक दूसरे पर छींटाकशी से
(b) स्पष्ट और सीधी बात कहने से
(c) असहयोग करने से
(d) झूठी प्रशंसा करने से

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : अतः मित्रता में दरार पैदा होने का भय- 'दोष-दर्शन और एक दूसरे पर छिंटाकशी से मित्रता में दरार पैदा होने का भय बना रहता है।

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (प्र. सं. 229-233)

एकता के महत्त्व से संबंधित अनेक लोकोक्तियाँ प्रचलित हैं, यथा- दस की लाठी एक का बोझ, अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता इत्यादि। एक तिनके की क्या हस्ती? लेकिन जब वही तिनका संगठित होकर रस्सी बन जाता है, तब इससे बलशाली हाथी भी बँध जाता है। एक ईंट की क्या बिसात? लेकिन जब यहीं ईंटें मिलकर दीवार बनाती हैं, तब उसे तोड़ना मुश्किल हो जाता है। एक बूँद जल का क्या अस्तित्व? लेकिन जब इन्हीं बूँदों के मेल से सागर का निर्माण होता है, तो उसे लाँघना दुष्कर हो जाता है। एक चींटी की क्या औकात? लेकिल जब ये छोटी-सी चींटियाँ एक साथ हो जाती हैं, तब अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती हैं। एकता के महत्त्व से संबंधित एक किसान और उसके बच्चों की और लकड़ी के टुकड़ों की कथा प्रचलित है। लकड़ी के टुकड़े जब अलग-अलग रहते हैं, तब बच्चों द्वारा वे आसानी से तोड़ दिये जाते हैं; परंतु वे ही टुकड़े जब संगठित होकर गट्ठर बन जाते हैं, तब बच्चे तोड़ नहीं पाते हैं। इन दृष्टान्तों से स्पष्ट है कि 'एकता में ही बल है।'

229. जब चींटियाँ एक साथ जाती हैं तो ..... (वाक्य पूरा कीजिये)

(a) दूर तक चली जाती हैं।
(b) अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती हैं।
(c) एक पंक्ति बना लेती हैं।
(d) काटना शुरू कर देती हैं।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (b) : दिये गये गद्यांश के आधार पर रिक्त स्थान में 'अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती हैं।', भरा जायेगा।
अतः विकल्प (b) सही उत्तर होगा।

230. 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' लोकोक्ति का अर्थ है :

(a) अकेला व्यक्ति कुछ भी कर सकता है।
(b) अकेला चना कुछ नहीं कर सकता।
(c) अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता है।
(d) अकेला व्यक्ति भाड़ नहीं फोड़ सकता है।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : गद्यांश के अनुसार, 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' लोकोक्ति का अर्थ, 'अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता है।' होगा। इस प्रकार विकल्प (c) सही उत्तर होगा।

231. इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(a) बूँद से सागर का बनना (b) जीवन की सच्चाई
(c) संगठन में शक्ति है (d) अनेकता में एकता

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : दिये गये गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक 'संगठन में शक्ति' होगा। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

232. तिनके की क्या विशेषता है?

(a) तिनका घास का काम करता है।
(b) तिनके से चिड़िया घोंसला बनाती है।
(c) तिनका व्यर्थ का कचरा है।
(d) जब तिनका संगठित होकर रस्सी बन जाता है, तब इससे बलशाली हाथी भी बँध जाता है।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : दिये गये गद्यांश में लेखक ने तिनके की विशेषता बताते हुए कहा है कि 'अकेले तिनके की कोई हस्ती नहीं होती है, लेकिन जब कई तिनके संगठित होकर रस्सी का रूप धारण करते हैं, तब इससे बलशाली हाथी भी बांधा जा सकता है।'

233. बूँदों के मेल का क्या महत्त्व है?

(a) बूँदों के मेल से सागर का निर्माण होता है।
(b) बूँदों के मेल से घड़ा भर जाता है।
(c) पानी बन सकती हैं।
(d) बूँदों के मेल से कुछ नहीं होता है।

UPSSSC VDO Re-Exam. 27-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : गद्यांश में लेखक बूंद की विशेषता बताते हुए कहता है कि, 'एक बूंद जल का कोई महत्व नहीं होता है, लेकिन जब यही बूंद परस्पर संगठित हो जाती हैं तो सागर का रूप धारण कर लेती हैं।

निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (प्र. सं. 234-238)

जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता हैं प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया, उसके लिए कोई भी काम करना असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कोई काम पूरा न होने पर समय की दुहाई देते है। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है। अपनी अकर्मण्यता और आलस को वे समय की कमी के बहाने छिपाते है। कुछ लोगों को अकर्मण्य रह कर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है। ऐसे लोग केवल बातूनी होते है। दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्यव्यस्तता में जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित हैं। समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता।

234. कुछ लोग समय की कमी के बहाने क्या छुपाते हैं?

(a) अपनी अकर्मण्यता और आलस्य (b) अपना बातूनीपन
(c) अपनी विभिन्न कमियाँ (d) अपना निठल्लापन

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार कुछ लोग समय की कमी के बहाने अपनी अकर्मण्यता और आलस्य को छुपाते है।

235. विद्यार्थी को सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है–

(a) समय की दुहाई देना (b) दृढ़ विश्वास बनाए रखना
(c) समय पर काम करना (d) समय की कीमत समझना

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (d) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है।

236. कार्य किस स्थिति में फलप्रद नहीं होता?

(a) समय न आने पर (b) समय अधिक होने पर
(c) समय बीत जाने पर (d) समय कम होने पर

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (c) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार 'समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता।'

237. अकर्मण्यता शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय कौन से हैं?

(a) उपसर्ग अ एवं प्रत्यय ता
(b) उपसर्ग नही है, प्रत्यय ता
(c) उपसर्ग ता और प्रत्यय अ
(d) उपसर्ग अकर्मण्य एवं प्रत्यय ता

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (a) : उपर्युक्त अनुच्छेद में दिये गये शब्द 'अकर्मण्यता' में 'अ' उपसर्ग एवं 'ता' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। इसमें 'कर्मण्य' मूल शब्द है।

उपसर्गः– उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहते है, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है, जैसे- 'भ्रमण' शब्द में 'परि' उपसर्ग लगने से 'परिभ्रमण' शब्द बना।

प्रत्यय :– शब्द के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है, उसे 'प्रत्यय' कहते है। जैसे- 'भला' शब्द में 'आई' प्रत्यय लगने से 'भलाई' शब्द बना।

238. दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य क्या है?

(a) समय का पालन (b) समय का सदुपयोग
(c) समय की कीमत (d) समय का प्रयोगा

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-II

Ans. (b) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार 'दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग है।'

अनुच्छेद को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– (प्र. सं. 239-243)

नहर अथवा नदी पर जल के प्रवाह को रोकने के लिए बाँध का उपयोग किया जा सकता है। बाँध लघु, मध्यम तथा बड़े आकार के हो सकते हैं। बड़े बाँधों का निर्माण करना अधिक जटिल होता है। इनके निर्माण में अत्यधिक शक्ति, समय तथा धन खर्च होता है। बाँध का निर्माण कंक्रीट, चट्टान, लकड़ी अथवा मिट्टी से भी किया जा सकता है। भाखड़ा बाँध, सरदार सरोवर, टिहरी बाँध इत्यादि बड़े बाँधों के उदाहरण हैं। एक बाँध के लिए अत्यावश्यक है कि इसमें इसके पीछे के पानी के भार को वहन करने की क्षमता हो। बाँध पर धकेले जाने वाली जल की मात्रा का जल-दाब जल की गहराई बढ़ने के साथ बढ़ता है। इसके परिणामस्वरूप कई बाँधों का तल चौड़ा होता है, जिससे यह सतह के काफी नीचे के भाग में बहने वाले जल का भार वहन कर सके। वर्षों से बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण में वृद्धि तथा कृषि में विस्तार होने से जल की माँग बढ़ती जा रही है। अतएव जल संरक्षण आज की आवश्यकता बन गई है। वर्षा-जल-संचयन मुख्यतः भवनों की छतों पर इकट्ठे किए जल को भूमि में संरक्षित करके आगे काम में लेने की प्रक्रिया है। इसके लिए यह आवश्यक है कि भू-जल की गिरावट को रोका जाए तथा भू-जल स्तर में सुधार किया जाए। साथ ही समुद्र के जल का अंतर्गमन अर्थात समुद्री जल को भूमि की तरफ आने से रोका जाए और वर्षा के मौसम में अधिकतम जल का संरक्षण किया जाए।

239. बड़े बाँधों का निर्माण करना अधिक जटिल क्यों होता है?

(a) कम जरूरत होने के कारण
(b) जनता के लिए हानिकारक होने के कारण
(c) व्यर्थ के खर्चों और शक्तियों के दुरुपयोग के कारण
(d) अत्यधिक शक्ति, समय तथा धन खर्च होने के कारण

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (d) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार बड़े बाँधों का निर्माण करना जटिल होता है क्योंकि इनके निर्माण में अत्यधिक शक्ति, समय तथा धन खर्च होता है।

240. जल की माँग क्यों बढ़ती जा रही है?

(a) औद्योगिकीकरण में वृद्धि, वर्षों से बढ़ती जनसंख्या तथा कृषि में विस्तार होने से
(b) वर्षों से बढ़ती जनसंख्या, तापमान में वृद्धि तथा वनों में वृद्धि के कारण
(c) कृषि में ह्रास, औद्योगिकीकरण में वृद्धि तथा पर्यावरण में बदलाव के कारण
(d) वर्षों से बढ़ती जनसंख्या, प्रदूषण में वृद्धि तथा कृषि में विस्तार होने से

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार वर्षों से बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण में वृद्धि तथा कृषि में विस्तार होने से जल की माँग बढ़ती जा रही है।

241. जल संचयन वह है जिसमें _____ (सही कथन से वाक्य पूरा करो।)

(a) वर्षा जल को मुख्यतः भवनों की छतों पर इकट्ठा करके भूमि में संरक्षित करके आगे काम में लिया जाता है।
(b) जल को पानी की टंकियों एवं बड़े बर्तनों में भरकर भविष्य के लिए रखा जाता है।
(c) वर्षा जल को आगे काम में न लेने की प्रक्रिया होती है।
(d) वर्षा-जल भवनों की छतों पर इकट्ठा किया जाता है।

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार जल संचयन वह है जिसमें वर्षा जल को मुख्यतः भवनों की छतों पर इकट्ठे किए जल को भूमि में संरक्षित करके आगे काम में लेने की प्रक्रिया है।

242. 'जल संरक्षण' का सही समास-विग्रह और समास का नाम है_____

(a) जल का संरक्षण – तत्पुरुष समास
(b) संरक्षण का जल – अव्ययीभाव समास
(c) संरक्षण किया जल है जिसका – बहुव्रीह समास
(d) जल के लिए संरक्षण – कर्मधारय समास

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (a) : 'जल संरक्षण' में तत्पुरुष समास हैं। इसका समास विग्रह 'जल का संरक्षण' है।

तत्पुरुष समास – जिस समस्त पद का उत्तर पद प्रधान होता है, वहाँ तत्पुरुष समास होता है।

जैसे– राजपुत्र = राजा का पुत्र, रामचरित = राम का चरित्र

243. बाँध का निर्माण किया जा सकता है। (वाक्य पूरा कीजिए।)

(a) चट्टान, लकड़ी अथवा मिट्टी से ही
(b) केवल लकड़ी अथवा मिट्टी से
(c) कंक्रीट, चट्टान, लकड़ी अथवा मिट्टी से भी
(d) केवल कंक्रीट द्वारा

UPSSSC VDO Re-Exam. 26-06-2023 Shift-I

Ans. (c) : उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार 'बाँध का निर्माण कंक्रीट, चट्टान, लकड़ी अथवा मिट्टी से भी किया जा सकता है।'

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. 244-248)

मेरे एक मित्र हैं, बड़े विद्वान, स्पष्टवादी और नीतिमान। वह इस राज्य के बहुत प्रतिष्ठित नागरिक हैं। उनसे मिलने से सदा नयी स्फूर्ति मिलती है। यद्यपि वह अवस्था में मुझसे छोटे हैं, तथापि मुझे सदा सम्मान देते हैं। इस देश में यह एक अच्छी बात है कि सब प्रकार से हीन होकर भी यदि कोई उम्र में बड़ा हो, तो थोड़ा-सा आदर पा ही जाता है। मैं भी पा जाता हूँ। मेरे इस मित्र की शिकायत थी कि देश की दुर्दशा देखते हुये भी मैं कुछ कह नहीं रहा हूँ, अर्थात् इस दुर्दशा के लिये जो लोग जिम्मेदार हैं उनकी भर्त्सना नहीं कर रहा हूँ। यह एक भयंकर अपराध है। कौरवों की सभा में भीष्म ने द्रौपदी का भयंकर अपमान देखकर भी जिस प्रकार मौन धारण किया था, वैसे ही कुछ मैं और मेरे जैसे कुछ अन्य साहित्यकार चुप्पी साधे हैं। भविष्य इसे उसी तरह क्षमा नहीं करेगा जिस प्रकार भीष्म पितामह को क्षमा नहीं किया गया। मैं थोड़ी देर तक अभिभूत होकर सुनता रहा और मन में पापबोध का भी अहसास हुआ। सोचता रहा, कुछ करना चाहिये, नहीं तो भविष्य क्षमा नहीं करेगा। वर्तमान ही कौन क्षमा कर रहा है? काफी देर तक मैं परेशान रहा-चुप रहना ठीक नहीं है, कम्बख्त भविष्य कभी माफ नहीं करेगा। उसकी सीमा भी तो कोई नहीं है। पाँच हजार वर्ष बीत गये और अब तक बेचारे भीष्म पितामह को क्षमा नहीं किया गया। भविष्य विकट असहिष्णु है। काफी देर बाद भ्रम दूर हुआ। मैं भीष्म नहीं हूँ। अगर हिन्दी में लिखने वाला कोई भीष्म हो जाता हो, तो भी मुझे कौन पूछता है? बहुत ज्ञानी-गुणी भरे

पड़े हैं। मुझसे अवस्था में, ज्ञान में, प्रतिभा में बहुत आगे। मुझे कोई डर नहीं है। 'भविष्य' नामक महादुरन्त अज्ञात मुझे किसी गिनती में लेने वाला नहीं है। डरना हो तो वे ही लोग डरें, जिनकी गिनती हो सकती है। तुम क्यों घबराते हो, मनसाराम, तुम तो न तीन में, न तेरह में, बड़ी राहत मिली इस यथार्थबोध से।

244. 'न तीन में, न तेरह में' मुहावरे का कौन-सा अर्थ ठीक लगता है?

(a) धोखे में रहना। (b) बहुत ही महत्वपूर्ण होना।
(c) धैर्यपूर्वक सोचना। (d) किसी भी गिनती में न आना।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

Ans. (d) : 'न तीन में, न तेरह में' मुहावरे का अर्थ है- किसी भी गिनीत में न आना।

मुहावरा-उस पदबंध या वाक्यांश को कहते हैं, जिसका अर्थ शाब्दिक न होकर विलक्षण और लाक्षणिक होता है।

जैसे-पानी फेर देना (बिगाड़ देना)।

245. 'भर्त्सना' का क्या तात्पर्य है?

(a) निंदा और तिरस्कार (b) अपमान (c) चुगली (d) विरोध

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

Ans. (a) : 'भर्त्सना' का तात्पर्य 'निंदा और तिरस्कार' करना है।

246. लेखक की परेशानी का क्या कारण था?

(a) लेखक और उनके जैसे साहित्यकारों को भविष्य कभी क्षमा नहीं करेगा जैसे भीष्म को आज तक क्षमा नहीं किया गया।
(b) लेखक के मित्र ने शिकायत की और उन्हें बताया कि देश की दुर्दशा देखते हुये भी वह कुछ कह नहीं रहा है।
(c) लेखक ने सोचा कि उनसे अवस्था में, ज्ञान में, प्रतिभा में बहुत आगे बहुत से ज्ञानी-गुणी लोग भरे पड़े हैं।
(d) भविष्य विकट असहिष्णु है और भविष्य की कोई सीमा नहीं होती।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

Ans. (a) : लेखक की परेशानी का कारण था कि लेखक और उनके जैसे साहित्यकारों को भविष्य कभी क्षमा नहीं करेगा जैसे भीष्म को आज तक क्षमा नहीं किया गया।

247. भीष्म पितामह को क्षमा क्यों नही किया गया?

(a) कौरवों की सभा में भीष्म ने द्रौपदी का भयंकर अपमान देखकर भी मौन धारण किया था।
(b) क्योंकि भीष्म ने महाभारत के युद्ध में कौरवों के पक्ष में युद्ध किया था।
(c) भीष्म के मन में पापबोध का अहसास हुआ था।
(d) भीष्म बहुत बड़े ज्ञानी थे और पक्षपाती होने से उन्हें भविष्य ने क्षमा नहीं किया।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

Ans. (a) : 'कौरवों की सभा में भीष्म ने द्रौपदी का भयंकर अपमान देखकर भी मौन धारण किया था।' इसलिए भीष्म पितामह को क्षमा नहीं किया गया।

248. लेखक को किस यथार्थबोध से राहत मिली?

(a) लेखक के अभिभूत होकर सुनते रहने और मन में पापबोध का अहसास होने से राहत मिली।
(b) लेखक के मित्र ने जो शिकायत की थी वह सही नहीं थी।
(c) लेखक के मित्र उनसे अवस्था में छोटे थे और वे लेखक का सम्मान भी करते थे।
(d) लेखक भीष्म नहीं थे और उनसे अवस्था में, ज्ञान में, प्रतिभा में बहुत आगे बहुत से ज्ञानी-गुणी लोग भरे पड़े हैं, उन्हें भविष्य नामक महादुरंत जंतु से डरना चाहिए।

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

Ans. (d) : लेखक भीष्म नहीं थे और उनसे अवस्था में, ज्ञान में, प्रतिभा में बहुत आगे बहुत से ज्ञानी-गुणी लोग भरे पड़े हैं, उन्हें भविष्य नामक महादुरंत जंतु से डरना चाहिए। अतः लेखक को उक्त यथार्थबोध से राहत मिली।

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. 249-253)

राष्ट्र केवल ज़मीन का टुकड़ा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत होती है जो हमें अपने पूर्वजों से परंपरा के रूप में प्राप्त होती है। जिसमें हम बड़े होते हैं, शिक्षा पाते हैं और साँस लेते हैं-हमारा अपना राष्ट्र कहलाता है और उसकी पराधीनता व्यक्ति की परतंत्रता की पहली सीढ़ी होती है। ऐसे ही स्वतंत्र राष्ट्र की सीमाओं में जन्म लेने वाले व्यक्ति का धर्म, जाति, भाषा या संप्रदाय कुछ भी हो, आपस में स्नेह होना स्वाभाविक है। राष्ट्र के लिए जीना और काम करना, उसकी स्वतंत्रता तथा विकास के लिए काम करने की भावना राष्ट्रीयता कहलाती है।

जब व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से धर्म, जाति, कुल आदि के आधार पर व्यवहार करता है तो उसकी दृष्टि संकुचित हो जाती है। राष्ट्रीयता की अनिवार्य शर्त है-देश को प्राथमिकता, भले ही हमें 'स्व' को मिटाना पड़े। महात्मा गाँधी, तिलक, सुभाषचन्द्र बोस आदि के कार्यों से पता चलता है कि राष्ट्रीयता की भावना के कारण उन्हें अनगिनत कष्ट उठाने पड़े किंतु वे अपने निश्चय में अटल रहे। व्यक्ति को निजी अस्तित्व कायम रखने के लिए पारस्परिक सभी सीमाओं की बाधाओं को भुलाकर कार्य करना चाहिए तभी उसकी नीतियाँ-रीतियाँ राष्ट्रीय कही जा सकती हैं।

जब-जब भारत में फूट पड़ी, तब-तब विदेशियों ने शासन किया। चाहे जातिगत भेदभाव हो या भाषागत-तीसरा व्यक्ति उससे लाभ उठाने का अवश्य यत्न करेगा। आज देश में अनेक प्रकार के आंदोलन चल रहे हैं। कहीं भाषा को लेकर संघर्ष हो रहा है तो कहीं धर्म या क्षेत्र के नाम पर लोगों को निकाला जा रहा है जिसका परिणाम हमारे सामने है। आदमी अपने अहं में सिमटता जा रहा है। फलस्वरूप राष्ट्रीय बोध का अभाव परिलक्षित हो रहा है। यदि हमारे राजनेता अपने स्वार्थ के लिए संस्कृति के इस मूल सन्देश को भूलकर देश की जनता को गलत दिशा देंगे, तब-तब देश के अंदर अस्थिरता, फूट, अंतर्विरोध, गृह-युद्ध जैसे हालात जन्म लेंगे और इसका फ़ायदा अन्य बाहरी देशों को होगा।

अतएव एक जागरूक नागरिक के रूप में हमें इस बात को गहराई से समझते हुए तुच्छ मतभेदों को त्यागकर अपने मत का सदुपयोग करना चाहिए, जिससे चुने गए हमारे प्रतिनिधि राष्ट्र के लिए निर्माणात्मक दिशा दे सकें। जाति, भाषा और धर्म से ऊपर उठकर और नेताओं के भाषणों से प्रभावित हुए बिना हमें विवेकपूर्वक देश के उत्थान में अपना सहयोग देना चाहिए।

249. राष्ट्र, सांस्कृतिक और विरासत क्रमशः कौन-सी व्याकरणिक इकाइयाँ हैं?

(a) संज्ञा, विशेषण और विशेषण
(b) विशेषण, संज्ञा और संज्ञा
(c) संज्ञा, संज्ञा और संज्ञा
(d) संज्ञा, विशेषण और संज्ञा

UPSSSC PET 29-10-2023 (Shift-II)

Ans. (d) : 'राष्ट्र, सांस्कृतिक और विरासत' में क्रमशः 'संज्ञा, विशेषण और संज्ञा' व्याकरणिक इकाईयाँ हैं।

संज्ञा-'संज्ञा' उस विकारी शब्द को कहते हैं, जिससे किसी विशेष वस्तु, भाव और जीव के नाम का बोध हो। जैसे-भारत, रामचरितमानस, राष्ट्र, विरासत आदि।

विशेषण-जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए उसे विशेषण कहते हैं। जिसकी विशेषता बताई जाए वह विशेष्य कहलाता है। जैसे-धार्मिक, सांस्कृतिक, इत्यादि।